फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 37, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 04 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मेरे फोन की जासूसी होती है। विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं: राहुल गांधी

## भारत में मीडिया-लोकतंत्र खतरे में: राहुल

**लंदन:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच दी। राहुल ने भारत में विपक्षी पार्टियों, नेताओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दिक्कतों का जिक्र किया था। राहुल ने कहा, "मेरे फोन की जासूसी होती है। विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। भारत में विपक्षी नेता के तौर पर यह एक ऐसा दबाव है, जो लगातार झेलना पड़ता है।" राहुल की स्पीच का विडियो सैम पित्रोदा ने शेयर किया है। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- 'राहुल विदेशी धरती पर भारत को बदनाम कर रहे हैं।

**मेरी बातें रिकॉर्ड की जाती थीं:** राहुल ने कहा, "बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं के फोन में पेगासस है। मेरे फोन में भी पेगासस था। मुझे इंटेलिजेंस अफसरों ने बुलाकर कहा था कि आप फोन पर जो कुछ भी कहें, बेहद सतर्क होकर कहें, क्योंकि हम इसे रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह एक ऐसा दबाव है, जो हम महसूस करते हैं।"

**भारत में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला:** उन्होंने कहा, "विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। मेरे खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज किए गए हैं, लेकिन ये केस ऐसी चीजों के लिए दर्ज किए गए, जो आपराधिक नहीं थीं। जब देश में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर इस तरह का हमला हो रहा हो तो विपक्ष के तौर पर आपके लिए लोगों से बात करना मुश्किल हो जाता है।"

**विपक्षी नेता मुद्दों पर बात कर रहे थे, जेल में डाल दिया:** राहुल बोले, "लोकतंत्र के




लिए जरूरी ढांचा संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका होते हैं। आज यह सब विवश होते जा रहे हैं। इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारतीय संविधान में भारत को राज्यों का संघ बताया गया है। उस संघ को बातचीत की जरूरत है। यह वह बातचीत है जो खतरे में है। आप देख सकते हैं तस्वीर जो संसद भवन के सामने की है। विपक्ष के नेता कुछ मुद्दों पर बात कर रहे थे और उन्हें जेल में डाल दिया गया। ऐसा 3 या 4 बार हुआ है। जो हिंसक था।"

**आतंकवादी मुझसे मिले थे, लेकिन उन्होंने मुझे कुछ नहीं किया: राहुल** ने बताया, "भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक अनजान आदमी मेरे पास आया। उसने कहा कि वह मुझसे बात करना चाहता है। उसने पूछा कि क्या मैं सच में लोगों की समस्याएं सुनने के लिए आया हूं।

उसने आसपास के कुछ लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा कि वे सभी आतंकवादी हैं। मुझे लगा कि मैं मुश्किल में हूं क्योंकि आतंकवादी मुझे मार डालेंगे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया क्योंकि यह सुनने की शक्ति है।" राहुल ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है- लगातार और लगन से सुनने की कला ग्लोबल कन्वर्सेशन के लिए बहुत ताकतवर और जरूरी है। हमने इसे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बहुत अच्छी तरह से समझा है।

### राहुल गांधी के दिमाग की उपज है पेगासस : अनुराग



**नई दिल्ली: केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेगासस मामले की कोई सच्चाई नहीं है। पेगासस राहुल गांधी के दिमाग की उपज है। ठाकुर ने शुक्रवार को राहुल गांधी के उस आरोप पर प्रतिक्रिया दिया है जिसमें उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में कहा था कि उनके फोन की मोदी सरकार जासूसी करवा रही थी। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश करते रहते हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं बल्कि वह ऐसा करते रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि अगर पेगासस मामले में कोई सच्चाई थी तो राहुल गांधी ने अपने फोन की जांच क्यों नहीं करवाई? केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राहुल की सूई कहीं एक जगह अटक गई है। अब उन्हें थोड़ा सा आगे बढ़ने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा था कि मोदी सरकार ने बड़ी संख्या में राजनीतिक नेताओं के फोन पर पेगासस के माध्यम से जासूसी करवाई थी। राहुल ने कहा था कि इस बात की जानकारी उनको खुद खुफिया विभाग के अधिकारियों से मिली थी।

## प्रयागराज: अतीक के गुर्गे के खिलाफ कार्रवाई जारी

**प्रयागराज: उमेश पाल की हत्याकांड के बाद** माफिया अतीक अहमद के करीबियों की मुसीबतें लगातार बढ़ती जा रही है। लगातार तीसरे दिन माफिया के घर पर बुलडोजर चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को माफिया अतीक अहमद के फाइनेंसर मशकुद्दीन के दो मंजिला मकान को ढहाया जा रहा है।

**ढाई सौ वर्ग मीटर में बना मकान:** शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने इस दो मंजिला इमारत को गिराना



शुरू किया। करीब ढाई सौ वर्ग मीटर में बना यह मकान मशकुद्दीन की बेटी तौहीद फात्मा के नाम पर है।

### विजय माल्या की याचिका खारिज

**नई दिल्ली: उच्चतम** न्यायालय ने भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका आर्थिक अपराधी घोषित करने और संपत्ति जब्त करने के लिए मुंबई की एक अदालत में जारी कार्यवाही को चुनौती देने के लिए डाली गई थी। शीर्ष अदालत ने माल्या के वकील की इस दलील के बाद अभियोजन नहीं चलाने की याचिका खारिज कर दी है कि उन्हें इस मामले में याचिकाकर्ता से कोई निर्देश नहीं मिल रहा है। "याचिकाकर्ता के वकील ने कहा था कि वह इस माममले में उन्हें कोई कोई निर्देश नहीं दे रहा है।


## लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह बढ़ाया: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धन के लिए अतृप्त लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह विकसित करने में मदद की है। संवैधानिक अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता दिखाएं और अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि धन के समान वितरण को हासिल करने का प्रयास कर भारत के लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए संविधान के 'प्रस्तावना के वादे' को प्राप्त करने में भ्रष्टाचार एक प्रमुख बाधा है। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें राज्य के पूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया गया था।

**कोर्ट ने क्या-क्या कहा? :** सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, 'यद्यपि यह भारत के लोगों को धन के समान वितरण को प्राप्त करने के लिए प्रयास करके सामाजिक न्याय को सुरक्षित करने के लिए संविधान का प्रस्तावना वादा है, यह अभी तक एक दूर का सपना है। यदि मुख्य नहीं, तो प्रगति प्राप्त करने के लिए अधिक प्रमुख बाधाओं में से एक है। यह क्षेत्र निस्संदेह भ्रष्टाचार है। पीठ ने कहा, 'भ्रष्टाचार एक अस्वस्थता है, जिसकी उपस्थिति जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह किसी के जीवन का एक तरीका बन गया है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि यह पूरे समुदाय के लिए शर्म की बात है ।

## उप्र: विशेषाधिकार हनन में 6 पुलिसकर्मियों को एक दिन का कारावास



**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** विधानसभा में शुक्रवार को ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। विधानसभा ने कोर्ट की तरह कार्यवाही की। 19 साल पुराने एक विधायक के विशेषाधिकार हनन के मामले में एक सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी और पांच अन्य पुलिस कर्मियों को एक दिन के कारावास की सजा सुनाई गई। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में प्रस्ताव रखा, जिस पर विधान सभा अध्यक्ष ने सर्व सम्मति से फैसला सुनाया। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार की सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नकाल के बाद शून्य प्रहर की कार्यवाही शुरू हुई।नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने नेता सदन के समाजवाद पर सदन में आये वक्तव्य का हवाला देते हुए सदन से वहिर्गमन कर गए। विधान सभा अध्यक्ष यह कहकर सपा के सदस्यों को बैठने के लिए कहा कि सदन में महत्वपूर्ण मुद्दा आने जा रहा है लेकिन सपा के सदस्य वहिर्गमन कर गए। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में कहा कि 2004 में बिजली व्यवस्था को लेकर तत्कालीन विधायक सलिल विश्नोई शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। तब स्थानीय पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

लाठी चार्ज किया और गाली गलौज किया। 25 अक्टूबर, 2004 को यह मामला विशेषधिकार समिति के समक्ष आया। उसका एक वीडियो आया। विशेषाधिकार समिति ने 28 जुलाई, 2006 को दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित करने का फैसला सुनाया। इस मुद्दे पर महाधिवक्ता से परामर्श भी लिया गया है। सदन को आर्टिकल 194 में यह अधिकार दिया गया है कि हम ऐसे लोगों को दंडित कर सकें। सुरेश खन्ना ने मौजूदा 18वीं विधानसभा अध्यक्ष से पूरे सदन को कोर्ट के रूप में परिवर्तित कर कार्यवाही संचालित करने का प्रस्ताव रखा।

### त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

## दूरबीन से भी नहीं दिख रही कांग्रेस: शाह

**बीदर: कांग्रेस पर** खुद के दिग्गज नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी, वह कुछ ऐसा है जो सभी राजनीतिक दलों को सीखना चाहिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस को खासकर सीखना चाहिए कि बड़े नेताओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाए।

**'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' नारे पर**



**तंज:** कर्नाटक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपने नेताओं का अपमान किया है चाहे वह एस निजलिंगप्पा हों या पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल। उन्होंने दावा किया कि केवल भाजपा ही जानती है कि पार्टी के दिग्गजों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार कैसे किया जाता है। शाह ने इसी के साथ कांग्रेस नेताओं द्वारा 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारों को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को क्या हो गया है?

**आम आदमी पार्टी पर भी किया हमला:** शाह ने भाषण में आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि अब ये पार्टी भी 'मोदी मर जा' के नारे लगा रही है। शाह ने कहा कि इस तरह की नारेबाजी से मदद नहीं मिलेगी ।

## भारत के सर्विस सेक्टर का पीएमआई 12 साल के शीर्ष पर 59.4 पहुंचा

**नई दिल्ली: भारत** के सर्विस सेक्टर ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदर्शन के आधार पर भारत में सर्विस सेक्टर फरवरी में पिछले 12 सालों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। माना जा रहा है कि देश में लगातार बढ़ती मांग और नए व्यापार मदों में बढ़ोतरी होने की वजह से भारत के सर्विस सेक्टर ने ये उपलब्धि हासिल की है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज की ओर से शुक्रवार को फरवरी के लिए जारी किए गए सर्वे में बताया गया है कि इस महीने परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के स्तर में 2.2 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फरवरी के महीने में पीएमआई बढ़कर 59.4 स्तर पर आ गया है, जबकि जनवरी के महीने में ये 57.2 के स्तर पर था। सर्विस सेक्टर का 59.4 स्तर का पीएमआई पिछले 12 सालों का सबसे ऊंचा स्तर है।

एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज की ओर से जारी सर्वे में बताया गया है कि ये लगातार 19वां महीना है, जब पीएमआई का स्तर 50 से ऊपर रहा है। जानकारों के मुताबिक पीएमआई का स्तर 50 से अधिक रहने का मतलब सर्विस सेक्टर में बढ़ोतरी होना होता है। दूसरी ओर जब पीएमआई का स्तर 50 से कम हो जाता है, तो इसे सर्विस सेक्टर में आई गिरावट के रूप में आंका जाता है।

## पुलिस कर्मियों की सदन में पेशी की परंपरा गलत : अखिलेश

**पुलिस कर्मियों की सदन में पेशी की परंपरा गलत : अखिलेश यादव**

लखनऊः विधानसभा में शुक्रवार को अदालत लगाने और पुलिस कर्मियों की पेशी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने गलत बताया है। अखिलेश यादव ने सदन की कार्यवाही में जाते हुए मीडिया से विधानसभा में आज विधायक विशेषाधिकार हनन मामले पर सवाल किया। पूछा कि प्रदेश में तत्कालीन 2004 में सपा की सरकार थी और नेताजी मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। आज इस मामले में सदन के अंदर



अदालत लगी है और छह तत्कालीन पुलिसकर्मियों की पेशी की जा रही है। सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा गलत है। उल्लेखनीय है कि साल 2004 में कानपुर में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन के दौरान सलिल विश्नोई और बीजेपी कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। अब विधानसभा ने संविधान की धारा-194(3) के तहत की कार्यवाही की गई है। सलिल विश्नोई वर्तमान समय में विधान परिषद सदस्य हैं। मामले में शुक्रवार को विधानसभा न्यायालय में तब्दील कर सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक विशेषाधिकार हनन मामले में सदन के अंदर लगी कोर्ट में सेवानिवृत हो चुके तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बाबू पुरवा कानपुर अब्दुल समद, तत्कालीन थानाध्यक्ष किदवई नगर ऋषि कांत शुक्ला, तत्कालीन उप निरीक्षक थाना कोतवाली कानपुर त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबल थाना किदवई नगर छोटे सिंह यादव, तत्कालीन कांस्टेबल थाना काकादेव विनोद मिश्र, तत्कालीन कांस्टेबल मेहरबान सिंह यादव को कटघरे में खड़ा किया। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में प्रस्ताव रखा। यूपी सरकार के मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सदन से इस मामले में उदारता दिखाने की अपील की। इस मामले में सभी दल एकजुट दिखे।

## बिहार के मजदूरों पर हमले की जांच के लिए तमिलनाडु जाएगी टीम

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमिलनाडु में बिहार मजदूरों पर हो रहे हमले को लेकर विपक्षी भाजपा की बात को मानते हुए डीजीपी से तमिलनाडु के लिए एक टीम भेजने का आदेश दिया है। बिहार विधानमंडल में बीते 27 फरवरी से बजट सत्र चल रहा है। बजट सत्र के दौरान बीते गुरुवार और आज शुक्रवार को विपक्षी सदस्य भाजपा द्वारा तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों पर जानलेवा हमले को लेकर विपक्ष के नेता अपनी मांगों को लेकर सदन में खूब हंगामा मचा रहे हैं। इतना ही वो लोग अपनी मांगों को लेकर सदन की कार्यवाही का विरोध जताते हुए वॉक आउट भी कर दिया है। विपक्ष के भारी विरोध के सीएम नीतीश ने भाजपा की मांगों को मान लिया है। बिहार



विधानसभा के नेता विपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बजट सत्र के आज पांचवें दिन भोजनावकाश के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करने उनके कक्ष में गए। इन दोनों नेताओं के इस मुलाकात के बाद नेता विपक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात सकारात्मक रही है और तमिलनाडु मामले में जांच के लिए बिहार से टीम भेजे जाने के बात कही गई है। विजय सिन्हा के साथ भाजपा के पांच अन्य विधायक भी सीएम से मिलने पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने इन लोगों को यह भरोसा दिया है कि सरकार अपनी तरफ से एक टीम तमिलनाडु भेजेगी। इसको लेकर सीएम ने राज्य के डीजीपी को निर्देश दे दिया है।उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह खबर अखबारों में भी छपी। इसका संज्ञान लेते हुए नीतीश कुमार ने गुरुवार को तमिलनाडु की ।

## विधानसभा वार समीक्षा कर रहे हैं सीएम धामी

**देहरादून: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सभी विधानसभा सीटों की समीक्षा का काम शुरू किया है। मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने गढ़वाल मंडल की 12 विधानसभा सीटों की समीक्षा की।

यूं तो अब तक तमाम पूर्व मुख्यमंत्री भी अपने-अपने समय में विकास कार्यों की समीक्षा करते आए हैं। खुद पुष्कर सिंह धामी भी कभी किसी विधानसभा क्षेत्र की तो कभी किसी विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं की समीक्षा करते रहे हैं, लेकिन यह पहला बार है जब कोई



मुख्यमंत्री सभी 70 विधानसभा सीटों की विकास योजनाओं के साथ उन विधानसभा सीटों की समस्याओं की भी समीक्षा कर रहे हो। इस क्रम में शुक्रवार को सीएम आवास पर समीक्षा बैठक में गढ़वाल मंडल की 12 विधानसभा सीटों की समीक्षा की जा रही है। इसमें पौड़ी, हरिद्वार तथा टिहरी की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### बहन के साथ शोहदे ने की छेड़खानी, भाई के विरोध पर शोहदो देने पीटा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही छात्रा के साथ शोहदे ने छेड़खानी कर रहे थे। छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदो ने उसके भाई की पिटाई कर दी। पीडिंत ने मामले की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही की मांग की है।उतरांव थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा पास स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा दस की छात्रा है। आरोप है कि परीक्षा देने के लिए आते जाते समय शोहदे छात्रा के साथ छेड़खानी करते हैं। बीते एक मार्च को छात्रा अपने भाई के साथ परीक्षा देकर घर वापिस लौट रही थीं। छात्रा के साथ शोहदों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर शोहदों ने उसके भाई की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित द्वारा मामले की तहरीर उतरांव थाने में देकर कार्यवाही की मांग की है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बोलेरो को मारी टक्कर, दोनों पलटी दर्जनों घायल

अखंड भारत संदेश





**जारी।** प्रयागराज के कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रीवा रोड पर जारी गांव पड़ाव के पास बड़ा हादसा होते-होते बचा । अनियंत्रित ईट लदे ट्रैक्टर ने मध्यप्रदेश की ओर जा रही एक बोलेरो में टक्कर मार दी । जिससे ट्रैक्टर की ट्राली भी पलट गई । सारा ईट हाईवे पर बिखर गया और सवारियों से भरी हुई बोलेरो चारों खाने चित हो गई । गंगा स्नान कर मध्य प्रदेश के सिंगरौली जा रहे बोलेरो में फंसे लोगों को ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह निकाला । जारी चौकी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिंगरौली जिले के रहने वाले आधा दर्जन बोलेरो सवार लोगों को अस्पताल पहुंचाया बताया जाता है कि तो बोलेरो में सवार लोग गंगा स्नान करने के लिए आए थे और जैसे ही वे जारी गांव के पास पहुंचे पीछे से तेज रफ्तार से आ रहा घूरपुर ईट भट्ठे का एक ट्रैक्टर जोरदार टक्कर मारते हुए आगे जाकर पलट गया । जिससे उसका ड्राइवर भी जख्मी हो गया बताया जाता है कि सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है । यह घटना शुक्रवार सायं 4:40 की है, इसके थोड़ी देर पहले जारी गांव से प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद मूर्तियों की स्थापना के लिए शिव बारात उसी रास्ते निकली थी । बोलेरो ट्रैक्टर ट्राली पलटने के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई । कुछ देर के लिए हाईवे पर लंबा जाम लग गया । पुलिस ने इकट्ठा लोगों से दोनों वाहनो को खिंचवा कर सड़क के किनारे करवा दिया है । फिलहाल अभी घायल कहां के हैं इसका डिटेल्स आना बाकी है।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र की बाइक डिवाइडर से टकराई, इलाज के दौरान मौत, परिजनों में कोहराम



**सिरसा।** मेजा के छात्र बुआ के घर से इंटर की परीक्षा जा रहा छात्र की बाइक डिवाइडर में टकराने से छात्र गंभीर रूप से घायल। स्थानीय लोगों की मदद से उसे हॉस्पिटल भिजवाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। चौधरी इंटर कॉलेज सिरसा से पढ़ाई कर रहा था। इस समय उसकी बोर्ड की परीक्षा चल रही है। बुधवार को उसका इंग्लिशका पेपर था। मंगलवार को उसकी बुआ की बेटी की शादीपालपुर घूरपुर में थी। वह उसी शादी में शामिल होने आया था। रात में वह अपनी दूसरी बुआ और फूफा बच्चा महरा निवासी अरैल, नैनी के यहां आकर रुक गया था। बुधवार को वह अपने फुफेरे भाई पिंटू महरा की बाइक लेकर वह परीक्षा देने बिगहिया सिरसा मेजा जा रहा था। वह जैसे ही नैनी थाना क्षेत्र के पीएसएल क्रॉसिंग के समीप पहुंचा ही था कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सुचना पर चौकी इंचार्ज छिवकी संदीप यादव मौके पर पहुंचे और उसे एंबुलेंस से तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेजा। उसके बाद उसके घर वालों को सूचना दी। सूचना पर उसके चाचा मूलचंद्र निषाद, फुफेरा भाई पिंटू महरा, भाई नीरज निषाद और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। मां साधना निषाद भी बेटी के साथ अस्पताल पहुंची। उसका आईसीयू में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि स्पीड की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दिवाकर निषाद तीन भाइयों मे बड़ा था और उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। मां व बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों हादसे सायं 7 बजे के आसपास हुए। पहला हादसा क्षेत्र के अरुआरी मोड़ पर हुआ जहां खड़ी बाइक में दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरिशंकर पुत्र संगम लाल निवासी अरुआरी थाना कोरांव का जहां दाहिना पैर टूट गया वहीं शरीर के अन्य भागों पर भी चोटें आई हैं। हरिशंकर अपने एक साथी के साथ रत्यौरा बाजार खरीदारी कर घर लौट रहा था। वह रास्ते में किसी से बात कर रहा था कि पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दूसरा हादसा कोरांव थाना क्षेत्र के पथरताल में रामायण बाग के पास हुआ यहां एक अनियंत्रित बोलेरो ने एक ही बाइक पर सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक अजय पुत्र गिरजा शंकर निवासी टेला थाना मेजा कोरांव थाना क्षेत्र के जमुआ गांव अपने एक अन्य साथी रबी पुत्र संतोष के साथ अपनी ससुराल गया हुआ था। दोनों एक ही बाइक से शाम 7 बजे के आसपास घर जाने के लिए लौटे थे कि अभी वे पथरताल गांव में रामायण बाग के पास ही पहुंचे थे कि अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि टक्कर मारने के बाद बोलोरो चालक बोलोरो लेकर मौके से फरार हो गया था।

# आशा वर्करों ने तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

### विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन



**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध एक्टू के राज्यव्यापी आह्वाहन पर शुक्रवार को फूलपुर तहसील में आशाओं ने जोरदार प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की ब्लाक अध्यक्ष बहरिया संगीता सिंह ने कहा की सूबे के मुखिया ने आशा वर्कर के हितों में कार्य करने का वादा किया था परन्तु वह एक जुमला ही साबित हुआ। सरकार अपना वादा निभाओ,हम सबका मानदेय बढ़ाओ,आज करो अर्जेंट करो, हमको परमानेंट करो, 2000 में दम नहीं 21000 से कम नहीं,आशाओं का शोषण बंद करो जैसे नारों के साथ तहसील में जुटी सैकड़ों की संख्या में आशा वर्करों अपनी आवाज बुलंद की। एक्टू नेता जयप्रकाश ने कहा की आशा वर्कर ने गोल्डन आयुष्मान कार्ड बनाने समेत अन्य कामों में मन लगाकर काम किया परन्तु सरकार उनके हितों में कार्य करने के लिए उदासीनता बरत रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए फूलपुर व्लाक अध्यक्ष बसंती ने 13 मार्च को जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में सभी आशाओं से शामिल होने की अपील किया। प्रदर्शन में शर्मिला सिंह, मनोरमा, पुष्पा,मंजू,रेखा , सोनी,अनीता ,मीना, संजू, रीता, बिंदू, सहित सैकड़ों की संख्या में आशा वर्कर मौजूद रही।

### विद्या कान्त तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि



**रत्योरा।** नगर पंचायत कोरांव के शहीद आरके तिवारी नगर निवासी निवासी प्रवक्ता गोपाल विद्यालय इंटर कालेज को पीएचडी की उपाधि मिलने पर लोगों ने बधाई दी है। प्रवक्ता विद्या कांत तिवारी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से स्मृति ग्रंथों में वर्णित संस्कार व आधुनिक समाज विषय के विश्लेषणात्मक अध्ययन पर शोध किया है। इनको पीएचडी की उपाधि मिलने पर गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई, प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली, डॉ कमलेश तिवारी, अरुण कुमार शुक्ल, आजाद बहादुर सिंह, विजय शंकर मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता नरसिंह कुमार केशरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, पवन कुमार तिवारी, कमलेश कुमार जायसवाल, पंडित गायत्री प्रसाद तिवारी, अखिलेश कुमार शुक्ल अधिवक्ता रोहिणी प्रसाद तिवारी रामचंद्र तिवारी सुरेंद्र प्रसाद द्विवेदी विनय भैया जीके सिंह सहित अध्यापकों व समाज सेवियों ने बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्राम चौपाल में लिए गए फरियादियों से आवेदन



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विकासखंड सहसों के ग्राम पंचायत आटा में शुक्रवार को ग्राम प्रधान स्वाति देवी द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समस्याओं एवं योजनाओं को लेकर फरियादियों से आवेदन लिया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गीता सिंह एवं विकास खंड अधिकारी संजीव रत्न की मौजूदगी में मंजुला देवी व रीता देवी ने आवास के लिए, कलमी देवी ने पेंशन के लिए तथा रामबाबू ने खड़ंजा निर्माण- नाली निर्माण एवं संपर्क मार्ग पर इंटरलॉकिंग के लिए आवेदन दिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सहसों ने उपस्थित ग्रामीणों एवं फरियादियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी ललिता यादव एवं प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### त्योहारों में उपद्रव किया तो जाना पड़ेगा जेल : तरुणेंद्र त्रिपाठी



**जंघई।** होली एवं शब-ए-बारात से पहले पीस कमेटी की बैठक एसएचओ सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस चौकी जंघई में शुक्रवार को संपन्न हुई ।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तरुणेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग आपस में भाईचारा बनाकर रखें और किसी के बहकावे में बिल्कुल न आएं। आगामी दिनों में शब-ए-बारात और होली का त्योहार है मुस्लिम समाज के लोग अपने रीति रिवाज के अनुसार त्योहार मनाएं एवं हिंदू समाज के लोग भी भाईचारे के प्रतीक होली का त्योहार सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं परंपरागत जगहों पर ही होली जलाई जाए होली जलाने के स्थान पहले से ही चिन्हित हैं, जहां पर हर साल होलिका दहन का कार्यक्रम होता है किसी नए स्थान पर बिल्कुल भी होली न जलाई जाए ।होलिका दहन वाले स्थानों की सूचना पहले से ही क्षेत्रीय थाने पुलिस चौकी में दी जाएगी जिससे पुलिस और प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी रहे ।चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय ने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा कानून व्यवस्था को कायम रखना सभी का नैतिक कर्तव्य है ।अगर कोई व्यक्ति नए स्थान पर कार्यक्रम करता है और इस पर अन्य लोगों की आपत्तियां आई, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी ।इस अवसर पुलिस चौकी के समस्त स्टाफ एवं तमाम गणमान्य नागरिक प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने ट्रैक्टर एजेंसी का किया उद्घाटन



**सहसों।** चक माली बाबूगंज स्थित शुक्रवार को मैरिन सेल्स ट्रैक्टर एजेंसी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संचालक विष्णू पांडे ने आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से आवाहित देवी देवताओं की विधि विधान से पूजन किया। तत्पश्चात पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोल्डी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन कर एजेंसी संचालक को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों, किसानों एवं ग्रामीणों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, बहरिया प्रमुख शशांक मिश्रा, पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू दूबे, शिव नारायण सिंह गप्पू , भूपेंद्र मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, संदीप द्विवेदी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### बदलते मौसम में रक्खे खान पान का ध्यान : अर्चना साहू



**करछना।** बाल विकास परियोजना करछना में बरदहा सेक्टर की सुपरवाइजर अर्चना साहू ने बरदहा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते मौसम में गर्भवती महिलाएं व धात्री महिलाएं खान का विशेष ध्यान रखें इसी समय होने वाली बिमारी का ज्यादा चांस रहता है समय समय पर टीका आदि जरूर लगवाएं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले पौष्टिक आहार घी दलिया दाल का सही ढंग से उपयोग करें अभी फ्रीज का पानी व बर्फ.आइसक्रीम से दूर रहें अर्चना साहू जी ने कहा कि कुछ दिनों बाद आने वाले होली के त्योहार पर केमिकल युक्त रंग व कीचड़ गन्दे पानी से बचें क्योंकि इनके उपयोग से बिमारी आती है वह शारीरिक दुर्बलता बढ़ती है इस अवसर पर संगीता सिंह आशा सोनी मालती मिश्र आशा सिंह सुषमा कोटार्य अर्चना मंजू मौर्य सुशीला सावित्री पटेल सुनीता देवी माधुरी ज्ञानदेवी आयशा खातून उमा मिश्रा रीना राही कल्पना मिश्र किरन मिश्र मंजू मौर्य मालती देवी चन्दादेवी आदि रहीं।

### मनरेगा पार्क का बीडीओ ने कि या निरीक्षण

#### अल्हवा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन विकास की देखी स्थितियां



**कोरांव।** खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत अल्हवा में निमार्णाधीन विकास कार्यों का अचानक जायेजा लिया। श्री मुकेश कुमार ने अल्हवा में निमार्णाधीन मनरेगा पार्क तथा स्मृति वाटिका आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा सराहना किया। और समुचित ढंग से और भी विकास कार्यों को चालू करने अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब को सुंदरी करण किए जाने का कार्य योजना स्वीकृत किए जाने की बात कही। उन्होंने स्मृति वाटिका अल्हवा में हुए कार्यों की तारीफ भी की। साथ ही बेहतर पौधों को लगवाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने और भी जरूरत के विकास कार्य किए जाने की स्वीकृति दिए जाने का आश्वासन दिया। उनके साथ मनरेगा टीसी अवर अभियंता भी साथ रहे।




# त्रिपुरा नागालैंड में भाजपा सरकार बनने पर कार्यकताओं में जश्न

अखंड भारत संदेश

**छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों तथा भाजपा कार्यालय सहसों चौराहे पर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने लोगों का मुंह मीठाकराकर एक दूसरे को दी बधाई**

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गठबंधन में त्रिपुरा और नागालैंड राज्य में हुए विधानसभा के चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर पार्टी कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं ने बड़े ही हर्ष के साथ एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा यह जीत केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए देश के आम जनमानस के प्रति विभिन्न योजनाओं, जनकल्याण में किए गए कार्यों की सफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा दोनों राज्यों में विधानसभा के इस चुनाव में शानदार जीत पर वहां के कार्यकताओं एवं मतदाताओं को प्रयागराज गंगापार के पार्टी कार्यकताओं की तरफ से हम सब बहुत-बहुत बधाई देते हैं। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, संदीप द्विवेदी, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , भूपेंद्र मिश्रा, पुष्कर सिंह, विजय कुमार, आलोक कुमार सिंह, लालचन्द्र बिन्द, जयेश केसरवानी, अच्छे लाल साहू , शशांक सिंह, अनुराग सिंह सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी तरह भाजपा कार्यालय सहसों चौराहा पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में त्रिपुरा एवं नागालैंड प्रदेश में हुए विधानसभा के चुनाव में प्रचंड नतीजे आने पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर गले मिलते हुए बधाई दी। जीत की बधाई देते हुए वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्य की जनता ने कमल खिला कर देशवासियों को भगवा होली की बधाई दी है। उन्होंने कहा नागालैंड एवं त्रिपुरा के मतदाताओं ने कमल खिला कर आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने का आगाज दिया है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष गंगापार अमरनाथ तिवारी, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू , राकेश बहादुर सिंह, अनिल सरोज, संजय सिंह, पवन कुमार शुक्ला, अमन सिंह राजपूत, राजेश सरोज, राजेंद्र यादव, प्रमोद शुक्ला, महेश कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# करछना सीएससी में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में शुक्रवार को चिकित्सकों ने विश्व श्रवण दिवस मनाया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया इस अवसर पर अधीक्षक डा.के.बी.सिंह , अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मनाया गया तथा लोगों को जागरूक किया गया कि कान शरीर का एक अभिन्न अंग है जिसे बीमारी से बचाव के लिए साफ सफाई एवं नदी आदि जैसे गन्दे पानी में नहाते समय गन्दे पानी कान में जाने से बचाए? यह मनुष्य के शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है इसे छति होने से बचाएं जिससे लोगों बहरा पन के शिकार होने से बचाव किया जा सके इसके अलावा अन्य बीमारियों के रोक थाम आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई इस अवसर पर डॉ केबी सिंह कुशवाहा अधीक्षक , डां जीके तिवारी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपेश अग्रवाल, डॉ डीएन मिश्रा, सुरेश श्रीवास्तव, कल्पना, नीलम चौरसिया, सुनीता आशा संगिनी, मीना सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# संजय मिश्रा की आत्मा की शांति हेतु इफको में हुआ हवन

## इफको अतः वासियों ने सुंदर काण्ड पाठ कर ईश्वर से की प्रार्थना

अखंड भारत संदेश



दिवंगत संजय मिश्रा की आत्मशांति हेतु हवन करते इफको के अधिकारी

**फूलपुर।** इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के दिवंगत अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र की आत्मा की शांति हेतु इफको घियानगर स्थित राम मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवं शांति हवन का भावपूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें इफको के अतःवासियों ने भावुक मन से पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने शांति हवन करते हुए नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। धार्मिक प्रवृत्ति के संजय कुमार मिश्र का जीवन भक्तिभावना से ओतप्रोत था। साथ काम कर चुके अधिकारियों ने बताया कि संजय मिश्र लगभग 30 वर्षों से हर मंगलवार को श्री राम मंदिर परिसर में सुंदर कांड का पाठ किया करते थे। मुख्य यजमान संयुक्त महाप्रबंधक पी.के.सिंह रहे। इस दौरान ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार व अन्य संयुक्त महाप्रबंधक शामिल रहे। मौके पर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, मुख्य पुजारी रंजीत मिश्र व बड़ी संख्या में इफको परिवार मौजूद रहा।

# ओहि का न भावै रंगनवा हो जेहिकै पिया परदेसवा में...

### गांव,चौपालों में होली गीतों की परंपरा सहेजने की जरूरत : बेशरम



**करछना।** ओहि का न भावै रंगनवा हो,जेहिकै पिया परदेसवा में।अमवा मां बउरा आये सखी,परदेशी बलमुआ ना आये। बाजि रही पैजनिया छमाछम। होली खेलैं रघुबीरा अवध में.. जैसे होलीगीत गांव की चौपालों में अब कम ही सुनाई पड़ रहे हैं। कभी होलिका दहन के पखवाड़े भर पहले से चौपालों में जुटने वाली फगुहारों की टोली रंगअबीर गुलाल पिचकारी की रंगत और इस मौसम में गाए जाने वाले फगुआ गीतों का लोकरंग सहेजना जरूरी है। अब डीजे की धुन पर बेताल नाचती युवाओं की टोली अपने पुरखों के इस परंपरा और मौसमी गीतों की तालीम से दूर जा रही है जो चिंतनीय है ।आकाशवाणी दूरदर्शन से जुड़े चर्चित मंच संचालक और अपनी माटी के बदलते गीतों के लोकरंग विषय पर शोध कर रहे हास्य कविअशोक बेशरम ने साधु कुटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारे फागुनी बयार के बीच उलार,धमार,चहका,बेलवरिया बेलबार, बारहमासा ,बसंती ,नारदी,झूमर, डेढ़डताल ,चौताल,चैता,चैती गीतों की यह परंपरा कभी खेतों सामानों में पकते अनाज और बागों से उठती भीनी भीनी मादक गंध से अनुरंजित हमारे लोक संस्कृति का परिचायक रही। आज के शहराये गांव में चकाचौंध के बीच ढोलक हरमुनिया मजीरे कि वह ताल और फगुवा गीतों के उल्लास को सहेजने के लिए नए लोक कलाकारों को फिर से आगे आने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है और व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति पर रिहा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने नौचंदी मेरठ के समीर की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। अर्जी पर अधिवक्ता बी डी निषाद ने बहस की।इनका कहना था कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि वह डेयरी पर दूध लेने गई थी। वहीं पर आरोपी स्कूटर से आया। मना करने के बावजूद जबरन स्कूटर पर बैठा कर मुजफ्फरनगर ले गया। कई जगह पर रखा। महारानी पार्क में किराए के मकान में रखे रहा। घर वालों ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।याची ने सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा उसे झूठा फंसाया गया है। पुलिस व कोर्ट में पीड़िता के बयान में विरोधाभास है। कोर्ट में दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया जबकि पुलिस को ऐसा बयान दिया था। कोर्ट ने तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए याची को जमानत पाने का हकदार माना और जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# अतीक के फाइनेंसर माशूक के घर चला बुलडोजर

## मकान की कीमत करीब 3 करोड़, नक्शा रिजेक्ट होने के बाद भी निर्माण कराया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों और उनके करीबियों के मकानों पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम असरौली इलाके में 3 जेसीबी और एक पोकलेन मशीन लेकर पहुंची। इसके बाद माफिया अतीक अहमद के फाइनेंसर माशूक प्रधान उर्फ माशूकउद्दीन के घर को गिरा दिया। यह कार्रवाई शाम साढ़े 6 बजे तक चली।जिस मकान को गिराया गया है, उसकी कीमत करीब 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। माशूक सीधे तौर पर उमेश पाल हत्याकांड से नहीं जुड़ा है, लेकिन उसके खिलाफ 40 से ज्यादा केस दर्ज हैं।

**बिना नक्शा पास कराए बनाया था मकान :** यह मकान जहां बना था, वहां से एयरफोर्स का ट्रांसमीटर एरिया शुरू हो जाता है। इसके निर्माण पर एयरफोर्स ने आपत्ति जताई थी। नक्शा भी पास नहीं हुआ था। इसके बावजूद माशूकउद्दीन ने दबंगई के बल पर यह घर बनवा लिया था।

**अतीक का फाइनेंसर है माशूक प्रधान :** माशूक प्रधान अतीक का फाइनेंसर है। उसका अहमदपुर में जीटी रोड पर आलीशान मकान है। इस क्षेत्र में प्रधान का दबदबा है। जमीन-जायदाद के सौदों में उसकी दखल रहती है। प्रधान बनने के बाद 2021 में उसने बमरौली स्थित भारती बालिका माध्यमिक विद्यालय के पीछे टीले के नीचे की मिट्?टी पूरी खुदवा दी थी। इसके बाद भवन का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया था। बच्चे इसमें बाल-बाल बचे थे। तिवारी का तालाब में स्थित इस स्कूल को 1964-65 में ग्राम सभा की जमीन पर टीले पर बनाया गया था। प्रिंसिपल ने इसकी शिकायत की, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले की उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी माशूक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

**अतीक के गुर्गों की 40 संपत्तियों की हुई पहचान :** पीडीए ने शहर में अतीक अहमद, उसके गुर्गों और शूटरों की 40 संपत्तियों की पहचान की है। इन अवैध संपत्तियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन होना है। इसी कड़ी में आज माशूक प्रधान के घर पर बुलडोजर चला है।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में लालबत्ती की शूटिंग नए पुल के नीचे संपन्न हुई

नए यमुनापुल व अरैल रोड पर भीड़ जमा रही



**नैनी।** क्षेत्र के नए यमुना पुल के नीचे वेब सीरीज लाल बत्ती की शूटिंग हुई निमार्ता-निर्देशक राजा द्वारा बनाई जा रही फिल्म में बच्ची के अपहरण का सीन फिल्माया गया। वेब सीरीज रक्त आंचल में माफिया बृजेश सिंह का किरदार निभाने वाले अभिनेता कांति प्रकाश झा शूटिंग में शामिल रहे। मौके पर निमार्ता निर्देशक प्रकाश झा भी मेउजुड़ रहे। शूटिंग को देखने के लिए दोपहर से ही नए यमुनापुल व अरैल रोड पर भीड़ जमा थी। शूटिंग के पटना बिहार भागलपुर का रूप दिया गया था उसके बाद बच्ची के अपहरण करने के बाद पुराने पुल के नीचे दिल्ली बॉर्डर का रूप दिया गया। दिल्ली पुलिस की कई गाड़िया चेकिंग करते हुए दिखाई दी।

### डीपीएस स्कूल में होली पर्व मनाया गया, जमकर किया नृत्य




**नैनी।** डीपीएस स्कूल में होली पर्व मनाया गया। शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यालय से जुड़े लोगों ने जमकर अबीर गुलाल के बीच रंग बरसे चुनर वाली गीत पर जमकर नृत्य किया। साथ ही एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दिल्ली पब्लिक स्कूल नैनी में होली पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रशासन से जुड़े लोगों ने भाग लिए। इस मौके पर होली के गीतों पर जमकर होली मनाया गया और उन्हीं गीतों के बीच नित्य के साथ ही ठुमके भी लगाए गए। इस दौरान विद्यालय प्रशासन से जुड़े लोग मौजूद रहे। इसके बाद आए हुए लोगों को अबीर गुलाल लगाकर उनका स्वागत सत्कार किया गया।

### शार्ट सर्किट से लगी आग गृहस्थी के साथ झुलसी भैंस



**लालापुर।** इलाके के लौंदखुर्द गांव में शुक्रवार की दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई । जब तक आग को बुझाया जाता तब तक पूरी गृहस्थी जल गई और एक भैंस भी बुरी तरह से झुलस गई। लालापुर थाना क्षेत्र के लौंद खुर्द गांव निवासी संकठा प्रसाद के घर खपरैल घर मे बिजली की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से घर मे आग लग । आग की जानकारी जब तक लोगों को हुई तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया । ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश में लगे तब तक लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई और एक भैंस भी आग से झुलस कर बुरी तरह घायल हो गई।

# स्नातक के छात्र की संगम में डूबने से हुई मौत, छात्रों ने किया हंगामा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक के छात्र की संगम में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान देवरिया निवासी राज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरिया सलेमपुर सोहना निवासी रामनिवास 21 वर्षीय पुत्र राज सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीए थर्ड ईयर का छात्र है। छोटा बघाड़ा छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था । शुक्रवार को वह अपने साथियों के साथ संगम पर नहाने के लिए गया था। तभी गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा। मौके पर जल पुलिस ने राज सिंह को पानी से निकालने के बाद एसआरएन मेडिकल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने राज सिंह को मृत घोषित कर दिया। जिसको लेकर विश्वविद्यालय से पहुंचे छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों का हंगामा की सूचना मिलने पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और छात्रों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लापरवाह चिकित्सा अधीक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

## प्रयागराज में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मिली लापरवाही, डीएम ने जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** संगम सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आधा दर्जन से ज्यादा अधीक्षकों व चिकित्सा अधिकारियों की लापरवाही मिलने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के आनगोइंग भुगतान व ढटरटअ योजना की समीक्षा बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी सोरांव से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने पोर्टल पर प्रसव की समीक्षा, फैमिली प्लानिंग, टीकाकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति ठीक किए जाने के निर्देश दिए। मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री की समीक्षा तथा ई-कवच की प्रगति की समीक्षा में प्रभारी चिकित्साधिकारी धनूपुर व सैदाबाद की प्रगति खराब पाई गई तो इनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

**चाका और करछना अधीक्षक से स्पष्टीकरण**

चाइल्ड रजिस्ट्रेशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी चाका व करछना से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अर्बन मदर रजिस्ट्रेशन में प्रगति खराब मिलने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कीटगंज, सुल्तानपुरभावा, बघाड़ा व करैलाबाग के प्रभारी चिकित्साधिकारी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया। रुटीन इम्लाइजेशन में सैदाबाद, मेजा व हंडिया की प्रगति खराब पाए जाने पर वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण देने को कहा गया। डीएम ने निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों को दिया जाए।

**मरीजों से अच्छा व्यवहार करें स्वास्थ्यकर्मी : डीएम :** डीएम ने अस्पतालों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को मरीजों से अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने एवं यूनिसेफ के द्वारा कि, जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पांडेय, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, अपर चिकित्साधिकारी, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह समेत अन्य रहे।

### पूर्व विधायक खब्बू तिवारी मामले की विवेचना कर दाखिल होगी पूरक चार्जशीट

**प्रयागराज।** पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी मामले में हाजिर एसपी जौनपुर अजय पाल ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा उन्होंने तीन फरवरी 23 को चार्ज संभाला है और 27 फरवरी को आगे की विवेचना का आदेश दिया है। साथ ही खब्बू तिवारी को छोड़कर अन्य अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।मामले की निष्पक्ष विवेचना कर शीघ्र ही पूरक चार्जशीट दाखिल होगी। कोर्ट ने भविष्य में हाजिरी माफ करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 4 अप्रैल तक विवेचना पूरी करने का आदेश दिया है और रिपोर्ट मांगी है।यह आदेश न्यायमूर्ति डी के सिंह ने मोहम्मद जुनैद की याचिका पर दिया है। मामले में आरोप है कि खब्बू तिवारी पर 1997 में दर्ज केस की फाइल चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने खब्बू तिवारी को छोड़ अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। अब आगे की विवेचना कर पूरक चार्जशीट दाखिल करने का एस पी जौनपुर ने आश्वासन दिया है। याचिका की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को होगी।

# बदले परीक्षा प्रारूप के तहत पीसीएस के लिए आवेदन शुरू, 173 पदों पर होनी है भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) परीक्षा-2023 के लिए शुक्रवार को आवेदन शुरू हो गया। फिलहाल 173 पद घोषित किए गए हैं। हालांकि पदों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। आयोग ने पीसीएस-2023 से मुख्य परीक्षा के प्रारूप में बड़ा बदलाव किया है। अब वैकल्पिक विषय खत्म कर दिया गया है। इसकी जगह सामान्य अध्ययन के दो प्रश्न पत्र शामिल किए गए हैं। इस बदलाव के बाद पहली बार आवेदन मांगे गए हैं।दोनों प्रश्न पत्र उत्तर प्रदेश पर आधारित होंगे। हालांकि अभी इन दोनों प्रश्न पत्रों के पाठ्यक्रम जारी नहीं किए गए हैं। आयोग ने विज्ञापन में स्पष्ट किया है कि जल्द इनके पाठ्यक्रम जारी किए जाएंगे। सामान्य अध्ययन के अन्य चार प्रश्न पत्रों के सिलेबस में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

**आयोग इसी महीने अन्य 220 पदों के लिए शुरू करेगा भर्ती प्रक्रिया :** पीसीएस के अलावा आयोग की ओर से इसी महीने अन्य विभागों के 220 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सबसे अधिक 127 पद आयुष विभाग आयुर्वेद में अलग-अलग विषयों के प्रवक्ता के हैं। इनके लिए मार्च के अंतिम सप्ताह में विज्ञापन जारी किए जाने की संभावना है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अधिकारी के 41, चिकित्साधिकारी यूनानी के 26, आवासीय चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्साधिकारी होम्योपैथी के 23, रीडर कुल्लियात एवं रीडर अमराजे जिल्द व तजीनियत के दो तथा कीट विज्ञान सहायक के एक पद के लिए भी इस महीने के अंतिम सप्ताह में विज्ञापन संभावित है।

**प्रतीक्षा सूची में शामिल 20 अभ्यर्थियों को मिला मौका :** उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती विज्ञापन संख्या-50 के लिए घोषित अंतिम परिणाम के आधार पर चयनितों को कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके बाद अलग-अलग विषयों के रिक्त 20 पदों के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने विषय एवं रैंकवार प्रतीक्षा सूची के चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर आवेदन के लिए कहा है। इसके अनुसार अंग्रेजी में सामान्य रैंक एक से तीन, ईडब्ल्यूएस रैंक एक, भौतिक विज्ञान में जनरल रैंक एक से दो, ओबीसी रैंक एक से दो, राजनीति विज्ञान में जनरल रैंक 10 (महिला -01), ओबीसी रैंक छ (महिला -01), एससी रैंक एक से दो, समाजशास्त्र एससी रैंक-02, शिक्षाशास्त्र ईडब्ल्यूएस रैंक-02 (महिला-01), ओबीसी रैंक एक, एससी रैंक एक, कृषि अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन ओबीसी रैंक-एक, शस्य विज्ञान जनरल रैंक-ए, कृषि सांख्यिकी ओबीसी रैंक एक तथा जैव-जीव रसायन जनरल रैंक के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विवरण भरना है।

# माफिया अतीक अहमद के बेटों को पुलिस द्वारा उठाए जाने के मामले में शाइस्ता पहुंची हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस द्वारा नाबालिग बेटों को उठाए जाने के मामले में माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इसके साथ जैनब फातिमा, अतीक की बहन आयशा नूरी व भांजी को अवैध अभिरक्षा में लिए जाने को लेकर भी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की गई है। मांग की गई है कि इन सबको कोर्ट के सामने पेश किया जाए।याचियों के अधिवक्ताओं की ओर से मामले की तुरंत सुनवाई की लिए कोर्ट ने निवेदन किया गया लेकिन कोर्ट ने तुरंत सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने प्रक्रिया के तहत आने पर सुनवाई करने के लिए कहा।याचिकाओं में कहा गया कि अतीक के दो नाबालिग बेटों और



अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा, अतीक की बहन आयशा नूरी और भांजी को पुलिस उमेश पाल की हत्या के बाद उठा ले गई है और कोई जानकारी नहीं दे रही है। जबकि, पांच दिन हो गए हैं। पुलिस के अधिकारी कुछ बता नहीं रहे हैं। याचियों के अधिवक्ता रविंद्र शर्मा, खान सौलत हनीफ और शादाब अली ने बताया कि मामले में अब होली के बाद सुनवाई हो सकती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन

### टेण्डर/कोटेशन

दिनांक 03-03-2023

ग्राम पंचायत **वीरपुर** में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **वीरपुर** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04–03–2023 से दिनांक 20–03–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 21–03–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 21–03–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से सीताराम के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य | 1.30 लाख | 1 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत वीरपुर में पटेल बस्ती में खडंजा मरम्मत कार्य | 1.80 लाख | 1 माह |
| 3. | पक्की सड़क से राम मूर्ति के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 1 माह |
| 4. | राम तीर्थ के घर से भोलानाथ के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 4.89 लाख | 1 माह |

वंदना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत वीरपुर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत वीरपुर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# बकाए भुगतान को लेकर आशाओं ने तहसील मुख्यालय पर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** शुक्रवार को कोरांव तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर आशाओं ने उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन कर 12 सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा ।बतादे कि एक मार्च से आशाएं कार्यबंदी कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। एक मार्च को सीएचसी मुख्यालयों पर अधीक्षकों को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। तीन मार्च को तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर आशाएं एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मांगों को लेकर आक्रोशित आशाओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि अभी करो अर्जेंट करो सबको परमानेंट करो, नारेबाजी भी किया ।आशाओं का शोषण बंद करो तीन वर्ष के अधिक समय से डंटे कर्मचारियों का स्थानांतरण करो मोबाइल के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाने और ई कवच डेटा फीडिंग कार्य के आदेश को वापस लेने के लिए अपनी आवाज बुलंद की। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की ब्लॉक अध्यक्ष सरिता सिंह व सचिव सुषमा देवी ने कहा कि शासनादेश के विरुद्ध तीन वर्ष से अधिक समय से डीसीपीएम बीसीपीएम व अन्य कर्मचारी तैनात हैं जिनका स्थानांतरण नहीं हो रहा है। लंबे समय से डंटे कर्मचारियों के द्वारा आशाओं का शोषण भी किया जाता है। संघ की अध्यक्ष ने कहा कि आशाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए सीएचसी स्तर पर शिकायत निवारण प्रणाली केंद्र की स्थापना कराई जाए। जिससे वे खुलकर किसी भी समस्या व शिकायत को बता सकें। आशाओं ने बताया कि 2019 से लेकर अब तक का भुगतान नहीं किया गया है। चाहे प्रोत्साहन राशि हो अथवा आयुष्मान गोल्डन कार्ड के कार्य का पैसा किसी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे आशाएं भुखमरी की कगार पर पहुंच गई हैं। आशाओं ने एक स्वर से कहा कि प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए सीएचसी के जिम्मेदारों के द्वारा धन उगाही की जाती है। जबकि दिन व रात कड़ी मेहनत कर आशाएं अपने कार्य को पूरा करती हैं। हम आशाओं के पैसे में बंदरबांट की जाती है। उप जिलाधिकारी शुभम यादव ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदर्शन कर रही आशाओं को प्रधानमंत्री तक भिजवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आशाएं व भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य पंचम लाल, लाल बहादुर कुशवाहा समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

अंगद की तरह पैर जमाये अधिकारियों स्थानांतरण करने की मांग



## पात्रता सूची में घालमेल कर आवास सूची से नाम काटने का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पात्रता सूची में नाम होने के बावजूद भी घालमेल करके आवास सूची से नाम काट दिया गया जिस पर पीड़ित महिला ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली शिवदेवी शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि गांव में आवास पात्रता सूची में उसका नाम शामिल था लेकिन उसका नाम बाद में काट दिया गया जिससे वह आवास से वंचित हो गई महिला ने इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया और पात्रता सूची में नाम जुड़वाने की गुजारिश की है।

# जन समस्याओं का समय से निस्तारण कराए अधिकारी: सांसद

## सांसद विनोद सोनकर ने कुंडा डाक बंगला में सुनी जन समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को कुंडा नगर स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने जन समस्या सुनी। जहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। सांसद विनोद सोनकर ने एक एक लोगों से मिलकर लोगों की समस्या को सुनी। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके बाद डाक बंगला में ही सांसद खेल स्पर्धा को लेकर अधिकारियों एवम् संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद ने बताया कि एक मार्च से



कुण्डा डाक बंगले में समस्या सुनते सांसद विनोद सोनकर।

पंजीकरण आनलाइन आवेदन के साथ प्रारम्भ किया गया है। कौशांबी लोकसभा के सभी ब्लाक मुख्यालयों में फार्म भी उपलब्ध है। जहां पर 16 से 21 वर्ष के युवा ऑफलाइन फार्म भरकर प्रतिभाग कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन 15 मार्च तक होगा। 27 मार्च से 31 मार्च तक ब्लाक मुख्यालयों में चयनित स्थानों पर खिलाड़ी खेलेंगे। खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा टीशर्ट दी जायेगी। विजेताओं को ट्राफी लेकर सम्मानित किया जाएगा। 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक ब्लाक से आई टीमों के साथ मुख्यालय पर खेल स्पर्धा का आयोजन होगा। पिछले वर्ष बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया था। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि गांवो में छुपी प्रतिभा को निखारना है। देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, उदय शंकर पाण्डेय, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, उमा शंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष अमर जीत सिंह, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, मोहित मिश्र, आशुतोष मणि द्विवेदी, गौरव शुक्ल, अभिनव सिंह, महेश सिंह फौजी, एस पी सोनकर, बाबा विनय सिंह, अरुण पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आज पेयजल योजना की सौगात देंगे प्रमोद व मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शनिवार को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के साथ क्षेत्र मे करोड़ो की पेयजल योजना की सौगात सौपेगी। विधायक आराधना मिश्रा एवं सांसद प्रमोद तिवारी दिन मे दो बजे लालगंज ब्लाक के पूरे तिलकराम में जलजीवन मिशन के अर्न्तगत पीने के पानी की टंकी का भूमिपूजन करेंगी। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना दिन में पौने दो बजे शीतलमऊ तथा सवा दो बजे बेलहा मे भी विविध कार्यक्रमों मे शामिल होगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## घरों मे दौड़ा हाईवोल्टेज करंट, जले उपकरण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत तार मे उतरे हाई वोल्टेज करंट से कई घरों मे लगे विद्युत उपकरण जल गये। जिससे लोगों को हजारो का नुकसान उठाना पड़ा है। हण्डौर मे लगे विद्युत उपकेंद्र से हण्डौर समेत कई गांवो मे विद्युत सप्लाई होती है। यहां हण्डौर ग्रामसभा के पुरवा चुड़िहार पटटी, शेखपुर, वैद्य का पुरवा के लिए लगे ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति होती है। गुरूवार की देर शाम जर्जर तार के टूट जाने से अचानक घरो मे हाई बोल्टेज करंट दौड गया। जिससे शेखपुर के मोहम्मद जलील, अब्दुल रसीद, अकबार, समशाद, वैद्य का पुरवा के रोहित, कुलदीप तिवारी व रूस्तम आदि के घरों मे लगे स्टेबलाइजर व पंखा तथा बोर्ड आदि उपकरण जल गये। जानकारी होते ही आननफानन में लोगों ने घर की विद्युत सप्लाई को आननफानन मे बंद कर दिया। जिससे बडी दुर्घटना होने से बच गयी। वहीं विद्युत उपकरण जलने से हजारो का नुकसान उठाना पड़ा है।

# भगाई गई लड़की हुई बरामद, लड़के के खिलाफ दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज जिला कचहरी में बुर्का पहनकर एक युवती अपने एक प्रेमी के साथ आई थी, जहां लड़की वालों के घरवाले के पहुंचकर अपने घर की लड़की की गायब होने की खबर बताई तो वकीलों ने लड़की का बुर्का उठाया तो वह घर से भागी हिन्दू निकली। इस जानकारी पर वकीलों ने युवक की धुनाई कर दी। इस बीच पुलिस पहुंच गई और लड़की को अपने साथ ले आई है। इस सम्बन्ध में लड़की के भाई ने आरोप लगाया कि वह भरतपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। उसकी बहन को रानीगंज थाना क्षेत्र का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले आया और धर्म परिवर्तन कर उसके साथ शादी करना चाहता था। उसमें युवक के घरवाले भी शामिल थे। लड़की के भाई ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराये जाने की मांग की है।

## भगाई गई लड़की हुई बरामद, लड़के के खिलाफ दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** आज जिला कचहरी में बुर्का पहनकर एक युवती अपने एक प्रेमी के साथ आई थी, जहां लड़की वालों के घरवाले के पहुंचकर अपने घर की लड़की की गायब होने की खबर बताई तो वकीलों ने लड़की का बुर्का उठाया तो वह घर से भागी हिन्दू निकली। इस जानकारी पर वकीलों ने युवक की धुनाई कर दी। इस बीच पुलिस पहुंच गई और लड़की को अपने साथ ले आई है। इस सम्बन्ध में लड़की के भाई ने आरोप लगाया कि वह भरतपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। उसकी बहन को रानीगंज थाना क्षेत्र का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले आया और धर्म परिवर्तन कर उसके साथ शादी करना चाहता था। उसमें युवक के घरवाले भी शामिल थे। लड़की के भाई ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराये जाने की मांग की है।

## आज से वकीलों के चुनाव को लेकर शुरू होगा सदस्यता अभियान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो के चुनाव को इसी माह के अंतिम सप्ताह मे सम्पन्न कराए जाने को लेकर शुक्रवार को चुनाव समिति की रणनीतिक बैठक हुई। बैठक मे पुरानी मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। वहीं आज चार मार्च से दस मार्च तक समिति द्वारा सन 2021 तक के बार कौंसिल में पंजीकृत तहसील एवं दीवानी न्यायालय मे नियमित वकालत करने वाले अधिवक्ताओं के सदस्यता अभियान का संचालन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन उपाध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर टीपी यादव, रामलगन यादव, राजेन्द्र मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, वीरेन्द्र सिंह, बेनीलाल शुक्ल मौजूद रहे।

## दो बाइक की टक्कर मे तीन घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के कस्बा में शुक्रवार की सुबह आमने-सामने हुई दो बाइक की टक्कर मे तीन लोग घायल हो गये। घायलों का ट्रामा सेंटर लालगंज मे इलाज जारी है। एसबीआई की अगई शाखा में तैनात बैंककर्मी गौरव 30 पुत्र हरिश्चंद्र शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय से अपनी बाइक से डयूटी करने अगई स्थित बैंक जा रहे थे। उधर दूसरी बाइक से इण्डियन सिंह (50) पुत्र देशराज सिंह अपने भाई नीरज सिंह (23) के साथ लालगंज से घर जा रहे थे। कस्बे में दोनों बाइक की आमने सामने टक्कर हो गयी, जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये।

# वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी व डीआईओएस ने आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

## अनुपस्थित कक्ष निरीक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2023 के हाई स्कूल सामाजिक विज्ञान एवं इंटर संस्कृति की महत्वपूर्ण परीक्षा जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय के कुशल निर्देशन में प्रारंभ हुई। उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित जनपद प्रतापगढ़ बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए विशेष



परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते वरिष्ठ शिक्षाधिकारी व डीआईओएस।

राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक एवं नोडल अधिकारी डॉ विनोद कुमार शर्मा वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी प्रयागराज उत्तर प्रदेश एवम डॉ ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक ने नकल विहीन, शुचिता पूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जनपद का औचक निरीक्षण किया गया।

कमला नेहरू बालिका इण्टर कॉलेज लालगंज, अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज लालगंज, मा वैष्णों देवी इण्टर कॉलेज गोंदही कुंडा, इंद्रानी इण्टर कॉलेज संग्रामगढ़, दिनेश इण्टर कॉलेज रामपुर बावली,देव नारायण इण्टर कॉलेज, अशोगी संग्राम गढ़ प्रतापगढ़ समेत आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण जिसमें सीसीटीवी कैमरा, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती, सीसीटीवी कैमरा, ऑनलाइन मॉनिटरिंग, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती, स्ट्रांग रूम डबल लॉक की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की एवं ओएमआर शीट की सुरक्षा की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर जनरेटर एवं इनवर्टर की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर डीवीआर ,राउटर डिवाइस, हाई स्पीड इंटरनेट आदि की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किए और शासन के निदेर्शानुसार समुचित दिशा निर्देश दिए एवम अनुपस्थित कक्ष निरीक्षकों के खिलाफ कारवाई करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा नामित लाइजनिंग अफसर डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ एवं डॉ मोहम्मद अनीस राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ तथा सदस्यों के रूप में प्रतिभा शुक्ला, सुमन यादव,कांस्टेबल सूर्यदेव यादव, कांस्टेबल राजकुमार आदि साथ रहे।

# गंगा नहाने गए चार युवक पानी में समाए, दो लापता

## दो को गोता खोरो ने बचाया, युवकों की तलाश कर रही एसडीआरएफ टीम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र के शहावपुर गांव में हरदोई से आये तीन मुस्लिम युवक गंगा नहाते समय अचानक गहरे पानी मे चले गये। स्नान कर रहे लोगो ने युवकों को पानी मे डूबते देखा तो शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर दौड़े गोताखोर ने दो युवक को किसी तरह डूबने से बचा लिया दो युवकों का पता नही चल सका।

बताया जाता है कि हथिगवां थाना क्षेत्र के शहावपुर में बाबा की मजार पर आयोजित उर्स में शामिल होने जनपद हरदोई के बनरहिया बंजारन का पुरवा थाना कोतवाली देहात से तीन



नदी में युवकों की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम।

युवक आए थे जो शुक्रवार की सुबह गांव के युवक के साथ तौफीक पुत्र बाबू, अकील पुत्र बादशाह, रफीक पुत्र सलीम, तस्लीम पुत्र नवाब गंगा नहाने गए जो नहाते समय गहरे पानी मे चले जाने से चारों युवक डूबने लगे। ग्रामीणों की नजर पड़ते ही दौड़ पड़े और किसी तरह दो युवक रफीक व तस्लीम को बचा लिया गया लेकिन दो अन्य युवक तौफीक व अकील गंगा की बहती धारा में समा गए जिनको प्रयागराज से आई एस डी आर एफ टीम तलाश में जुटी हुई है। घटना स्थल पर हथिगवां थाना प्रभारी संतोष सिंह अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर डटे हुए हैं। डूबे युवकों की तलाश के लिए रेस्क्यू जारी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। समाचार भेजे जाने तक शव नही मिल सका।

# रिटायर्ड कर्मचारी को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जगदीश नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज ढिंगवस के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी छेदीलाल के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के प्रिंसिपल राकेश प्रसाद त्रिपाठी एवं विद्यालय परिवार के अन्य सभी सदस्यों ने नम आंखों से विदाई देते हुए रिटायर्ड कर्मचारी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश प्रसाद त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी छेदीलाल को अंगवस्त्रम के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर



कर्मचारी छेदीलाल को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

प्रधानाचार्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि लंबी सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी छेदीलाल की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इन्होंने अपने कार्य को हमेशा इमानदारी पूर्वक किया है इनके योगदान को संस्था कभी भूल नहीं सकती। इस मौके पर अरुण कुमार शुक्ला, अनिल कुमार तिवारी, दिव्य प्रकाश शुक्ला, कमलेश तिवारी, रेखा, राजाराम वर्मा, हरकेश शुक्ला, नरेंद्र यादव, अनुज दुबे, कुलदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# साथी के उत्पीडन को लेकर दूसरे दिन भी वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन, सीओ को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज होने को लेकर दूसरे दिन शुक्रवार को भी यहां वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। नाराज वकीलो ने नेशनल हाइवे पर विरोध मार्च निकाला। वकीलो ने सीओ के कार्यालय पर पहुंचकर उनका घेराव करते हुए एसपी को संबोधित ज्ञापन सौपा। वकीलो के विरोध प्रदर्शन के चलते शुक्रवार को भी न्यायिक कामकाज बाधित देखा गया।

लालगंज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष संतोष पाण्डेय व उनके पिता के खिलाफ लीलापुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज होने से वकीलो मे गुस्सा व्याप्त हो उठा है। शुक्रवार को दूसरे दिन भी वकीलो ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे तहसील परिसर मे पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद वकीलो का हुजूम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते नेशनल हाइवे पर आ पहुंचा। तहसील से सीओ कार्यालय तक वकीलो ने पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ गुस्से का इजहार करते हुए विरोध मार्च निकाला। यहां वकीलों का आक्रोश देख सीओ रामसूरत सोनकर अपने कार्यालय से बाहर निकल आये। सीओ ने वकीलो से वार्ता कर एसपी को संबोधित ज्ञापन लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता की गलत नामजदगी मुकदमे से नही हटायी गयी तो वकील समाधान दिवस मे भी कडा विरोध दर्ज करायेगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, बृजेन्द्र पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, संदीप सिंह, अनूप पाण्डेय, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, धीरेन्द्र शुक्ल, बाबा नरेन्द्र ओझा, मस्तराम पाल, घनश्याम संवरिया, मनोज शुक्ल, प्रमोद तिवारी, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, मिथलेश त्रिपाठी, विनय शुक्ल, विपिन शुक्ल, सिंटू मिश्र, वीरेन्द्र गौतम, शैलेन्द्र सिंह, प्रभात श्रीवास्तव, केबी सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# डिग्री कालेज कालाकांकर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न, प्राचार्य ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एमएमपीजी कालेज कालाकांकर प्रतापगढ़ में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यतिथि के रूप में कालाकांकर राजभवन के मैनेजर डॉ घनश्याम यादव ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया।

प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने अपने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बर्धन करते हुए प्रकाश डाला और खेलकूद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सफल आयोजन की कामना किया और कहा कि इस



कालाकांकर राजभवन के मैनेजर का स्वागत करते आयोजकगण।

वार्षिक खेलकूद के दो दिनों में 15 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी शुक्रवार को सात प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे 100, 200, 800, 1500 मीटर दौड़ छात्र छात्राओं की आयोजित की गई, जिनमें 100 मी0 दौड़ में अभिषेक सोनकर प्रथम, रामउजोर द्वितीय व अमित पाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं में अंजू, प्रीति,व नौसीन बानो ने पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में गोविंद पाल प्रथम, संदीप कुमार द्वितीय व सुमित कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि व कालेज के प्राचार्य व शिक्षको ने अपनी शुभकामनाएं दी। खेलकूद के आयोजक में मुख्य रूप से सत्य प्रकाश चैहान, प्रो0 रेखा सिंह, भूपेश सिंह, डॉ ज्योति गुप्ता, सर्वेश, डॉ श्रष्टि कुशवाहा, प्रो0 इन्दुरेखा सिंह, प्रो0 सूर्यभान सिंह, प्रो0 प्रदीप सिंह, प्रो0 विनीता सिंह, प्रो0 उग्रसेन सिंह, प्रो0 रामकरन, प्रो0 शिव भूषण गुप्ता, डॉ0 डालचंद आदि लोगों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई जिसमे छात्र छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# अंतरराष्ट्रीय अवार्ड पाकर रोशनलाल उमरवैश्य ने बढ़ाया जिले का गौरव

## इंटरनेशनल शीर्ष नेतृत्व के प्रति रोशनलाल उमरवैश्य ने जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के राजस्थान चंद्रा प्रीमियम होटल के जोधपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में रोशनलाल उमरवैश्य को अंतर्राष्ट्रीय चेयर पर्सन मनीष पाल तथा फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया ने उनके अकूत सेवाओं के लिए इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया।

इसी क्रम में पूर्व प्रेसिडेंट कमाल लाखोंटिया, भूपेंद्र चाहवाला, के0 जी0 अग्रवाल एवं नवीन नियुक्त प्रेसिडेंट तृप्ति कौर जुनेजा ने रोशनलाल के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और इसी क्रम में नार्थ के चेयरमैन सुभाष मंगला ने नार्थ मल्टीवल अवार्ड से भी नवाजा तथा सम्मान की प्रतीक पिन लगाकर पुरस्कृत किया। श्री रोशनलाल उमरवैश्य के कोरोनाकाल, अमृत महोत्सव तथा जाड़े में पशुओं को ठंड से बचाने व अन्य विशाल सेवा कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। मुक्तकंठ से सभी ने रोशनलाल की प्रशंसा की। रोशनलाल उमरवैश्य की इस शानदार उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि अपने प्रेरणादाई कार्यों की बदौलत रोशनलाल उमरवैश्य एक के बाद एक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मान, पुरस्कारों से नवाजे जा रहे हैं। यह जनपद के लिए गौरव की बात है। अंत में कहा कि कर्मवीर ही स्वर्णिम इतिहास बनाते हैं। बधाई देने वालों में डॉ दयाराम मौर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, सुरेश अग्रवाल,शिवेश शुक्ला, संजय खंडेलवाल, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, देवेंद्र गुप्ता, सूरज, विवेक, परमानंद मिश्रा, संजय कनौजिया, राधेश्याम, श्रीनाथ मौर्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी, कुंज बिहारी लाल, अनिल कुमार, आनंद मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य इत्यादि अनेक प्रबुद्ध जन प्रमुख थे।

# दिनदहाडे.ताला तोड़कर चिकित्सक के कमरे से चोरों ने नकदी व जेवरात उड़ाए

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चिकित्सक व वार्ड बॉय के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने नगदी सहित लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ में तैनात चिकित्सक डॉ हेमंत कुमार व वार्ड बॉय संग्राम सिंह गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे अपने अपने कमरे का ताला बन्द करके डियूटी पर चले गए डयूटी के दौरान पता चला कि दोनो के कमरे का ताला टूटा पड़ा है। जानकारी मिलते ही दोनो अस्पताल से भागकर अपने कमरे पँहुचे देखा कि सन्दूक में रखे बेटी की शादी के जेवरात व नगदी 50 हजार रुपया गायब देख हड़कम्प मच गया घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र राय घटना स्थल पर पँहुचे और घटना की बाबत पूछताछ किया। पीड़ित वार्ड बॉय संग्राम सिंह की तहरीर मिलने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## 25 मार्च तक आवेदन जमा करें

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2023-24 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष छूट नियमानुसार (01.04.2023) होनी चाहिये।

## खबर संक्षेप

### युवा उत्सव के तहत 17 मार्च को किया जायेगा प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार नेहरू युवा केन्द्र संगठन के माध्यम से युवा उत्सव ,ल्र्ल्@2047 कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च 2023 को किया जायेंगा। युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत युवा लेखक प्रतियोगिता युवा कला प्रतियोगिता फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं कार्यशाला भाषण प्रतियोगिता जिला सांस्कृतिक उत्सव (समूह कार्यक्रम) आयोजित किया जायेंगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतन्त्रता दिवस भाषण में पंच प्राण भारत का दृष्टिकोण 2047 अमृत काल के युग में का मंत्र दिया था इस संदेश को आगे बढ़ाते हुए युवा कार्यक्रम विभाग नेहरू युवा केन्द्र संगठन के माध्यम से युवा उत्सव का एक अखिल भारतीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम की थीम-पंच प्राण और युवा उत्सव इस पहल का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को फिर से जगाना और युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना है।

# अफीम की खेती करने वाले तीन गिरफ्तार

**थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा पकड़ी गयी अवैध अफीम की खेती सम्भावित उत्पादन करीब 90 किग्रा व प्रोसिस उपरान्त 10 किग्रा हिरोइन का उत्पादन सम्भावित, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत करीब 10 करोड़ रुपये**

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा 02 मार्च 2023 को भगतपुरवा चौराहा से ग्राम रानीपुर थाना महेवाघाट मे सायकालीन पैदल गस्त किया जा रहा था इस दौरान दिनेश कुमार पुत्र रामसवारे निवासी रानीपुर थाना महेवाघाट उम्र 30 वर्ष को चेक किया गया तो उसके पास से करीब 4.5 किग्रा अफीम के हरे फल (डोडा बरामद हुये। जिससे पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा सरसो के खेत के बीच में अफीम की खेती करना बताया गया। पकड़े गये व्यक्ति दिनेश कुमार की निशा देही पर मौके पर जाकर देखा गया तो करीब 6 बिस्वा खेत मे अफीम की खेती कराना पाया गया जिसमे अफीम के फल लगे हुये जो पूरी तरह से अफीम उत्पादन के लिये तैयार है तथा दिनेश कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि उसके ही गाँव के प्रदीप सिंह पुत्र रामनरेश द्वारा भी करीब 1/4 बिस्वा खेत मे व अभिमन्यु सिंह द्वारा करीब 1/2 विस्वा खेत मे अफीम के पौधे बोये गये है जो पूरी तरह से अफीम उत्पादन के लिये तैयार है उपरोक्त तीनो अफीम की खेती करने वाले दिनेश कुमार प्रदीप सिंह अभिमन्यु उपरोक्त को हिरासत में लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक महेवाघाट द्वारा तत्काल एनसीबी लखनऊ को सूचना दी गयी एनसीबी लखनऊ से आसूचना अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराह दिनेश पाल व नेगीचन्द्र उपस्थित आये, जिनके द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर से आदेश प्राप्त कर तहसीलदार भोपाल सिंह की उपस्थिति में थाना महेवाघाट पुलिस व एनसीबी टीम द्वारा फसल को विनिष्टीकरण कराया जा रहा है एनसीबी निरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह की तहरीर पर थाना महेवाघाट में मुकदमा पंजीकृत कर एनसीबी निरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि उपरोक्त तीनो खेतो से करीब 80-90 किग्रा अफीम का उत्पादन हो सकता है एवं अफीम से प्रोसिस उपरान्त करीब 10-12 किग्रा हिरोइन (मादक पदार्थ) का उत्पादन किया जा सकता है जिसकी अनुमानित कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजर मे करीब 10-12 करोड रुपये होती।


गिरफ्तार अभियुक्त

# हत्या व लूट के 25-25 हजार रुपये के इनामिया दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल के कौशाम्बी अंतर्गत 17/18 फरवरी 2023 की रात्रि में मृतक शिवकुमार उम्र करीब 45 वर्ष की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी थी, जिस सम्बन्ध में श्रीमती सुन्दर कली पत्नी स्व0 शिवकुमार निवासिनी बरम्बारी थाना कौशाम्बी द्वारा थाना कौशाम्बी पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिससे सम्बन्धित अभियुक्त गोविन्द पुत्र गोपी निवासी बरई बचवा थाना करारी को 24 फरवरी 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर निर्देशित किया गया था तथा अभियुक्तों के ऊपर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस क्रम में आज दिनांक 02/03.03.2023 की रात्रि में मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की हत्या व लूट के 02 इनामिया वांछित अभियुक्त कही चोरी/लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास कर थाना कौशाम्बी पुलिस प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द्र मय हमराह पुलिस बल द्वारा दुल्हनियापुर तिराहा के पास चेकिंग की जाने लगी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर 02 व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये जिन्हें रोकने के लिये इशारा किया गया तो वह पुलिस बल को देखकर मोटरसाइकिल छोड़कर पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगे। जिसपर पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर दोनो अभियुक्तों को पकड़ लिया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बरामद किया गया। पूछने पर अभियुक्तो द्वारा अपना नाम डीके व गुण्डा बताया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को मा० न्यायालय भेजा जा रहा है

# अतीक के खासम खास को उठा ले गयी एसटीएफ पुलिस

**अपनी हनक बनाए रखने के लिए पूर्व प्रधान गए थे अतीक अहमद से मिलने साबरमती जेल**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** प्रयागराज शहर के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता माफिया अतीक अहमद के करीबी को एसटीएफ प्रयागराज की पुलिस जनपद कौशांबी के पश्चिम सरीरा इलाके के टिकरी नागी गांव से पूछताछ के लिए उठा ले गई है साबरमती जेल में बन्द अतीक से मुलाकात करने वालों की सूची एसटीएफ ने निकाली है इसमें कौशांबी के पूर्व प्रधान का नाम भी शामिल है अतीक अहमद के खासम खास समझे जाने वाले पूर्व प्रधान साबिर को एसटीएफ ने पूछताछ के लिऐ उठा लिया है उमेश पाल हत्याकांड की जांच पुलिस कर रही है जिसमें अतीक से जेल में मुलाकात करने वालो की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है साबरमती जेल मे बंद अतीक अहमद से मुलाकात के बाद साबिर का नाम सामने आया है जिस पर एसटीएफ प्रयागराज में साबिर को उनके घर से उठा लिया है साबिर के उठाए जाने के बाद अतीक के अन्य खासम खास में बेचैनी बढ़ गई है मंझनपुर मुख्यालय सहित जिले के कई क्षेत्र में अतीक के खासम खास लोग हैं।

### जनपद न्यायालय में अंशाकालिक सफाईकर्मी के रिक्त एक पद के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय में अंशकालिक सफाईकर्मी के रिक्त एक पद पर सम्बद्ध किया जाना है। यह जानकारी अध्यक्ष चयन समिति (अंशकालिक सफाईकर्मी)/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने देते हुए बताया कि अनुबन्ध के आधार पर अंशकालिक सफाईकर्मी को सम्बद्ध किया जाना है, जिसे मासिक पारिश्रमिक 06 हजार रुपए दिया जायेंगा एवं पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 08वीं उत्तीर्ण हों। उन्होने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 10 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय में अपनी पहचान पत्र, फोटो व शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हों।

### 25 नवंबर को खुले रहेंगे न्यायालय

**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत किये गये कैलेण्डर वर्ष-2023 के पैरा-10 के अनुपालन में माह-नवम्बर 2023 के चतुर्थ शनिवार 25 नवम्बर 2023 को न्यायिक अधिष्ठान कौशाम्बी के सभी न्यायालय खुले रहेंगे तथा अन्य कार्य दिवसों की भाँति सभी न्यायिक कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किये जायेंगे।

# नीर का पानी पीकर गौरवान्वित महसूस करते हैं अफसर नेता और अमीर

अखंड भारत संदेश

**यदि शुद्धता की जांच हो जाए तो पीने की बात तो छोड़िए नहाने लायक नहीं है नीर का पानी**



**कौशाम्बी।** नीर का पानी मतलब शुद्ध पानी से पहचान रखने वाला पानी पूरे देश में दूषित हो गया है कंपनी चलाने वाले लोग नीर के पानी को तरह से फिल्टर नहीं कर पाते हैं और आम जनता के बीच डिब्बे में भर कर पहुंचाना शुरू कर देते हैं पानी को ठीक से चिल्ड भी नहीं किया जाता मिनरल भी नहीं डाला जाता लेकिन उसके बाद भी बताया जाता है कि यह शुद्ध नीर का पानी है और लोग पानी सप्लाई करने वालों का भरोसा कर नीर का शुद्ध पानी समझकर के बड़े गर्व से पानी पी रहे हैं मंझनपुर मुख्यालय में सप्लाई करने वाले कई लोगों द्वारा नीर का शुद्ध पानी बड़े दावे के साथ सप्लाई की बात करते हैं जबकि अधिकतर लोगों के पानी की यही स्थिति है इतना ही नहीं पूरे कौशांबी जिले के विभिन्न कस्बों में सप्लाई किए जाने वाले नीर के पानी की शुद्धता पर सवाल खड़े हो गए हैं। नीर के पानी की शुद्धता की बात करने वाले कंपनी के लोगों की दावे की हकीकत खुद देखी जा सकती है इतना ही नहीं कंपनी से पानी सप्लाई करने के लिए सड़कों पर जो कर्मचारी पानी की सप्लाई करने में लगाए गए हैं उन्हें देखने से ही पता लगता है कि बेहद गंदे टाइप के लोग हैं इनके शरीर में गंदगी मैल जमा है हाथ भी ठीक से साफ नहीं करते हैं इतना ही नहीं दैनिक जीवन के कार्यों को जैसे मल मूत्र त्याग करने के बाद बिना हाथ धोए पानी की सप्लाई चालू कर देते सर्दी होने पर नाक छिड़ककर खांसी छीक आने पर नाक के सामने हाथ लगा देने के बाद हाथ धोना उचित नहीं समझते हैं कपड़े में हाथ पीछकर पानी सप्लाई शुरू कर देते हैं तंबाकू गुटखा खाने के बाद बिना हाथ धुले मिनरल वाटर के पानी की सप्लाई शुरू करने के बाद कंपनी के लोगों के साथ-साथ उनके कर्मचारी भी पानी की शुद्धता की बात बड़े गर्व से करते हैं पानी सप्लाई में लगे कर्मचारियों के गंदे हाथ होने के बाद आखिर यह पानी कैसे शुद्ध रह गया है यह बड़ा गंभीर चिंतन का विषय है वास्तविकता की बात करें तो नीर का पानी पीने लायक नहीं है प्लास्टिक का डिब्बा में नीर का पानी सप्लाई किया जा रहा है प्रतिदिन डिब्बे बदल कर दूसरे डिब्बे रक्खें जा रहे हैं कुछ कंपनी द्वारा पुराने डिब्बे में फिर पानी भर दिया जाता है लेकिन कभी प्लास्टिक के डिब्बे को साबुन लगाकर धुलाई सफाई नहीं की जाती है जिससे डिब्बे के अंदर एक पर सफेद रंग की काई की लेयर जम जाती है उसमें बैक्टीरिया जन्म लेते हैं जो बीमारी का कारण बनते हैं डॉक्टरों का कहना है कि यह पानी लीवर गुर्दा खराब कर रहा है जिससे कोलेस्ट्रॉल और विभिन्न गंभीर मर्ज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है लिवर फैटी हार्ट अटैक का प्रमुख कारण दूषित जल बताया जाता है लेकिन उसके बाद भी फिल्टर नीर के पानी के नाम पर बेखौफ तरीके से दूषित जल सप्लाई करने वाले धंधेबाज के कारनामों को अफसरों ने संज्ञान नहीं लिया है शुद्ध जल की जांच नहीं कराई गई है इन शुद्ध जल के मानक क्या है इनके कभी मानक की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने का प्रयास नहीं किया गया है लोगों की बातों को माने तो नीर का पानी पीने की बात तो छोड़िए नहाने लायक नहीं रह गया है लेकिन उसके बाद भी मिनरल वाटर नीर का पानी शुद्ध समझकर अफसर नेता अमीर लोग नीर का पानी पीने में गौरवान्वित होते हैं सूत्रों की माने तो जिस विभाग को नीर के पानी की गुणवत्ता की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है उनके अधिकारियों कर्मचारियों को पानी सप्लाई करने वाले फ्री में पानी पहुंचा देते हैं जिससे फ्री में पानी मिलने के चलते विभागीय अफसर मिनरल वाटर नीर के पानी की गुणवत्ता की जांच करना भूल जाते हैं।

### अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील अंतर्गत 07 दिसंबर 2022 को 06 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त शंकर लाल पुत्र राम चन्द्र निवासी चौपुरवा थाना सराय अकिल को घटना से मात्र 86 दिवस में न्यायालय स्पे० जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कठोर कारावास तथा 11,000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा चार वारंटी अभियुक्त राम सजीवन उर्फ बबलू पुत्र इन्द्रजीत निवासी मनमऊ थाना कोखराज तूफानी लाल पुत्र स्व0 केशव पासी निवासी वंश का पूरा थाना कोखराज राम सूरत पुत्र जनेश्वर निवासी बम्हरौली थाना कोखराज व राम बहादुर पुत्र राम स्वरूप निवासी बम्हरौली थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से चार थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से एक थाना चरवा से एक थाना संदीपनघाट से दो थाना सैनी से एक थाना कोखराज से एक कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुग्गन पुत्र धर्मपाल निवासी कन्नूपर डोरमा थाना सैनी को सैनी चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# किसी दबाव में किया जा रहा है पंचायत सचिव को निलंबित!

अखंड भारत संदेश

**दो ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित ग्राम प्रधानों को नोटिस**

**कौशांबी।** जनपद के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड मंझनपुर एवं सरसवा में तैनात दो पंचायत सचिव एवं एक ग्राम प्रधान पर डीपीआरओ ने बुधवार को कार्रवाई की साथ ही प्रधान को नोटिस देकर 15 दिनों में जवाब मांगा जवाब न मिलने पर उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई की चेतावनी डीपीआरओ ने दी है। सरसवा विकासखंड क्षेत्र के महेवा उपरहार गांव में विकास कार्यों के संचालन में ग्राम प्रधान कौशल्या देवी व सचिव अमित कुमार सिंह बड़ी गड़बड़ी कर रहे थे डीपीआरओ ने निरीक्षक करने के बाद निर्देश दिया। निर्देश के बाद भी काम सही ढंग से नहीं हो सका डीपीआरओ डॉक्टर बाल गोविंद श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में ओडीएफ प्लान प्लस योजना के तहत आरआरसी यूनिट का निर्माण हुआ निर्माण के दौरान 450 रुपए प्रति ट्राली की दर से 265 ट्राली मिट्टी डाली गई इसका भुगतान 1 लाख 19 हजार 250 होता है जबकि इस कार्य के लिए 2 लाख 92 हजार का भुगतान आहरण गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत के प्रशासनिक मद में 2 लाख 77 हजार 505 रुपए का खर्च दिखाया गया जबकि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं प्राप्त हुए गांव में सोक पिट का कार्य भी आधा अधूरा रहा निर्देश के बाद भी इसे पूरा नहीं किया गया गांव में 350 मीटर नाली व 13 सोक पिट का निर्माण कराए बिना ही प्रधान व सचिव ने 2014000 का भुगतान खातों से आहरण कर लिया गांव के विकास में लापरवाही बरतने के संबंध में डीपीआरओ ने सचिव का स्थानांतरण कर दिया नए सचिव के रूप में आदित्य सिंह को यहां का चार्ज दिया गया तो प्रधान ने खाता खुलवाने से इंकार कर दिया डीपीआरओ ने प्रधान व सचिव को दोषी पाते हुए सचिव को निलंबित कर दिया साथ ही प्रधान को 15 दिनों का समय देते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा जवाब ना देने पर उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार वैशकाटी गांव में तैनात सचिव राम प्रसाद को डीपीआरओ ने निलंबित कर दिया डीपीआरओ ने बताया कि सचिव को बैसकाटी कलस्टर आवंटित है सचिव ने प्रधान के साथ मिलकर अब तक खाता नहीं खुलवाया वही इसको लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। प्रधान ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की। सचिव ने अपनी परेशानी को ब्लॉक वा जिला स्तरीय अधिकारियों से बताने के बजाय सीधे डीएम को पत्र देकर अवगत कराया डीपीआरओ ने बताया कि यह कृत्य कर्मचारी नियमावली के विरुद्ध है इसके साथ ही सचिव ने अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया इससे गांव का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है ऐसे में सचिव को निलंबित कर दिया गया है।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त किए गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 38 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुमेर कुमार पुत्र बच्ची लाल निवासी सेमरहा थाना धारा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बबली सरोज पत्नी दशरथ सरोज निवासी हकीमपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सचिन यादव पुत्र अशोक यादव निवासी माऊपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# डीपीआरओ द्वारा पंचायत सचिव को निलंबित किए जाने के मामले में बड़ी साजिश की आशंका!

**प्रधान का दबदबा ग्राम पंचायत अधिकारी ने अधिकारियों से लगाई गुहार**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद के मंझनपुर तहसील मंझनपुर में गैर जनपद से आए हुए ग्राम पंचायत अधिकारी ने मंझनपुर विकास भवन में अधिकारियों के यहां अपनी हाजिरी लगा दी और डीपीआरओ ने मंझनपुर ब्लॉक के बैसकाटी गांव में तैनाती कर दी लेकिन ग्राम प्रधान के दबदबा होने के कारण ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ खाता नहीं खुलवा सका। उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप जिला अधिकारी कार्यालय पत्रांक 2224 ग्राम चौपाल मासिक रोस्टर मार्च-अप्रैल 2022- 23 दिनांक 24/02/ 2023 के अनुक्रम में प्रत्येक विकास खंड की 2 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाकर गांव की समस्या गांव में समाधान किए जाने का निर्णय लिया गया माह मार्च अप्रैल 2023 में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल का मासिक रोस्टर के अनुसार मंझनपुर के विकासखंड बैसकाटी गांव में होना था उपरोक्त क्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी ने अवगत कराते हुए कलास्टर/ ग्राम पंचायत आवंटित की गई और ग्राम पंचायत का खाता खुलवाने हेतु ग्राम प्रधान से फोटो एवं नमूना हस्ताक्षर देने के लिए बार-बार कहा गया और ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान के घर जाकर भी संपर्क किया लेकिन आज तक ग्राम प्रधान द्वारा अपना फोटो और नमूना हस्ताक्षर नहीं दिया जिससे ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी का खाता नहीं खुल सका।

उक्त संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पूर्व में भी दिनांक 23/01/ 2023 एवं 21/01/ 2023 को भी अवगत कराया गया था कि ग्राम पंचायत में जाने पर ग्राम प्रधान द्वारा रोका जाता है और सवाल किया जाता है कि आप इस ग्राम पंचायत में क्यों आए और कैसे आए और दबंग ग्राम प्रधान के द्वारा पंचायत सहायक से भी मिलने नहीं दिया जाता है ग्राम पंचायत अधिकारी गैर जनपद से स्थानांतरण होकर जनपद कौशांबी में लगभग 4 महीने पहले से अपना योगदान दे रहा है विकासखंड मंझनपुर में ग्राम प्रधान अपने मनमानी तरीके से खाता खुलवा का कार्य कर रहा है जिसके कारण से ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ खाता नहीं खुलवाना चाह रहा है ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम चौपाल का मासिक रोस्टर के अनुसार दिनांक 3 मार्च 2023 को ग्राम पंचायत बैशकाटी में आपकी अध्यक्षता में होने वाली चौपाल में ग्राम प्रधान द्वारा किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं किया है भुक्तभोगी ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए दबंग्ग ग्राम प्रधान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मनौरी ओवर ब्रिज की सड़क फिर लगी उखड़ने

**विभिन्न राजनीतिक दल और संगठन के लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग में ब्याप्त भ्रष्टाचार के चलते मनौरी ओवर ब्रिज की सड़क एक बार फिर से उखड़ने लगी है जिस पर जिम्मेदारों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया। ओवर ब्रिज की सड़क पर बना गड्ढा बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। ब्रिज की सड़क पर कई जगह की गिट्टियां उखड़ कर बिखर गई है, जिसके कारण मनौरी ओवर ब्रिज की सड़क पर काफी दूर तक गड्ढा हो गया है जिससे आए दिन मनौरी ओवर ब्रिज पर दुर्घटनाएं देखने व सुनने को मिलती है। लेकिन कई बार शिकायत के बाद भी सड़क के गड्ढे नहीं बनाए गए हैं कुछ दिनों पूर्व सड़क की मरम्मत कराई गई थी लेकिन घटिया निर्माण के चलते फिर गड्ढे हो गए हैं पूर्व में कराए गए निर्माण के भ्रष्टाचार की अभी तक अधिकारियों ने जांच कराकर दोषी ठेकेदार और अधिकारियों को दंडित नहीं किया है जिससे लोक निर्माण विभाग के बड़े अधिकारियों की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। पीडब्लूडी के जिम्मेदार अधिकारियों ने कई दफा मनौरी ओवर ब्रिज के सड़क पर गड्ढों को औपचारिकता निभाते हुए सीमेंट, बालू एवं गिट्टी का मिश्रण करवाकर उक्त गड्ढों को पटवा दिया लेकिन सीमेंट , बालू एवं गिट्टी का मिश्रण अनुपात सही ना होने के कारण कुछ दिन के बाद उक्त सड़क की गिट्टिया उखड़ कर फिर बिखर गई। दो दिन पहले मनौरी ओवर ब्रिज की सड़क पर गड्ढा होने के कारण बाइक सवार युवक दुर्घटना का शिकार हो गया था। इसके पहले भी कई बार सड़क पर लोग गिरकर घायल हो चुके हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते मनौरी ओवर ब्रिज की सड़क पर ध्यान नही दिया तो किसी दिन बड़ी घटना होने से साफ इनकार नही किया जा सकता। सड़क पर बार-बार गड्ढे होने और सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कई संगठन और राजनीतिक दल के नेताओं ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ओवरब्रिज की सड़क की मरम्मत कराकर पूर्व के भ्रष्टाचार की जांच कराते हुए दोषियों को दंडित नहीं किया गया तो मजबूरन संगठन और राजनीतिक दल के लोगों को सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन आंदोलन कर पुल के सड़क की मरम्मत कराए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन आंदोलन कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराना पड़ेगा।

# आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण में धांधली की जिलाधिकारी से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**गलत स्थान पर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कराए जाने से प्राथमिक स्कूल का भविष्य हो रहा खराब**

**कौशांबी।** योगी सरकार में कौशांबी जिले में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है जिधर देखो उधर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही लेकिन फिर भी भ्रष्टाचार और निर्माण में धांधली पर रोक नहीं लग रही है गुरुवार को कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के फैजुल्लापुर गांव के मजरा नैनुआ सलेमपुर गांव के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में तमाम लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए जिलाधिकारी को बताया कि नैनुआ में बन रहे आगनबाडी केन्द्र का निर्माण गुणवत्तापूर्ण मटेरियल से नही किया जा रहा तथा उचित स्थान मे निर्माण न किये जाने से आंगनवाड़ी का केंद्र उपयोग लायक नहीं रहेंगे गांव के छोटे-छोटे बच्चों को दिक्कतें होंगी। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम फैजुल्लापुर के ग्राम पंचायत नैनुआ में आगनबाडी केन्द्र का निर्माण ग्रामीण अभियन्ता निर्माण आर०ई०एस० विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है कराये जा रहे निर्माण मे घटिया क्वालिटी की पीली ईट तथा मोरंग अधिक डाल कर गुणवत्ताविहीन आगनबाडी का निर्माण किया जा रहा है जिस पर प्रधान द्वारा ठेकेदार को इस कृत्य से मना किया गया तो ठेकेदार कतई मानने को राजी नही हो रहा है प्राथमिक विद्यालय प्रागंण में हो रहे आगनबाडी केन्द्र के निर्माण को ग्राम प्रधान द्वारा परिसर की शेष पडी हुयी भूमि मे कराने को कहा गया जो कि भविष्य के लिए उचित स्थान है। विद्यालय की शेष पडी हुयी भूमि जहा पर आगनवाडी केन्द्र का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है वह भूमि विद्यालय की नाली बढा रही थी जिस पर आने वाले समय पर इण्टर लाकिंग का निर्माण कराया जाना है लेकिन ठेकेदार को इस बात को ग्राम प्रधान द्वारा जोर देकर समझाया गया लेकिन अपने हठी स्वभाव के कारण वह कतई मानने को तैयार नही है जो कि अभी तक आगनवाडी केन्द्र का फाउन्डेशन नीव की महज खोदाई ही करायी गयी है और पीली ईंट तथा घटिया मटेरियल तक का थोडा स्तेमाल ही हो पाया हैं। अगर ऐसे घटिया मटेरियल से आगनवाडी विल्डिंग का निर्माण हुआ तो पूर्व में निमार्णाधीन सरकारी स्कूल की बिल्डिंग के गिर जाने की तरह बड़े हादसे होने की संभावना है जिससे भविष्य मे छोटे छोटे बच्चो के जीवन पर गंभीर संकट मंडरा रहा है।

## संपादकीय

# अस्तित्वहीन संयुक्त राष्ट्र संघ

**रूस** यूक्रेन युद्ध के 100 दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका है' संयुक्त राष्ट्र संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं।रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गिड़गिड़ा कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है। वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थी' विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थे' यह इस परमाणु संधि का मूल आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना था' जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगे' द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे। जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा है' परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑगेर्नाइजेशन की गई थी। अब जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद अनेक देश परमाणु हथियार संपन्न बन चुके हैं ।परमाणु तथा हाइड्रोजन बमों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है' उल्लेखनीय है कि इन संधियों को युद्ध से बचने और शांति स्थापित करने के प्रयास के लिए वैश्विक स्तर पर निर्मित किया गया था ।अब रूस तथा यूक्रेन युद्ध में उसकी कहीं भी कोई भूमिका दिखाई नहीं देती ,सभी संस्थाएं निष्क्रिय प्रतीत होती हैं' कमजोर और छोटे देश यूक्रेन पर पिछले 60 दिनों से रूस लगातार आक्रमण कर उसके शहरों को तबाह कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व के सारे देश हाथ में हाथ धरे बैठे इस भीषण युद्ध को सिर्फ देख रहे हैं। इसे रोकने की किसी ने पहल तक नहीं की है।ऐसे में इन संधियों की प्रासंगिकता भी लगभग शून्य हो चुकी है' यूक्रेन को अपनी उस बड़ी गलती का एहसास हो रहा है जो 1994 में उसने बुडापेस्ट समझौते के तहत परमाणु हथियार नहीं बनाने के लिए वचनबद्ध होकर हस्ताक्षर करके की थी' अमेरिका यूरोपीय देश तथा रूस ने यूक्रेन को परमाणु हथियारों से दूर रखने की नीति पर काम किया था।


# पाक की मदद से पहले सोचे भारत

आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान में** आजकल भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गया है। बेरोजगारी, अराजकता और कठमुल्लों की करतूतों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। यह स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है। अब हमारे यहां के कुछ उदारवादी यह कह रहे हैं, कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान की मदद करे। भारतीय गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत कह रहे हैं कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के अंत में किसी समय पाकिस्तान की ओर शांति का हाथ बढ़ाएंगे और पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश की मदद करेंगे। अब इन महानुभावों से पूछा जाना चाहिए कि जो मुल्क भारत पर 1948, 1965, 1971 और फिर कारगिल पर हमला कर चुका हो उसको लेकर इतना उदारता का रवैया अपनाने का क्या मतलब है। उसी पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गया। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गए स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। पर उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान सरकार और उसकी धूर्त सेना का संरक्षण हासिल है। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को याद कर लें। पाकिस्तान की सरपरस्ती में सरहद पार से आए जेहादियों ने भारतीय सेना के पठानकोट तथा उरी के ठिकानों पर सुनियोजित हमले किए। हमारे यहां से पाकिस्तान को मदद देने की मांग भले ही हो रही है, पर क्या पाकिस्तान ने भारत से किसी तरह की कोई गुजारिश की है? अबतक तो नहीं। वहां के यूट्यूब चैनलों को देख लें। सब भारत तथा हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगलते हुए मिल जाएंगे। अब भी वहां पर भारत विरोधी शक्तियां हावी हैं। पाकिस्तान के खून में भारत तथा हिन्दू विरोध है। पाकिस्तानी सेना कभी भारत के साथ

# जहां सर्वत्र अनैतिकता है, वहां राष्ट्रीय चरित्र कैसे बने?

ललित गर्ग



**किसी** वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला।

आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महा- राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रूख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने पर तूले हैं, ईमानदार है तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिनभर रेडिया पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चले। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट, चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें। वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा? गुरुग्राम में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है, सबको पता है, दुनिया से एक से बढ़कर एक बड़े एवं शक्तिशाली राष्ट्रों के प्रतिनिधि आएंगे तो अतिरिक्त सजावट स्वाभाविक है लेकिन अगर कोई पैसे वाला व्यक्ति सजावटी गमलों को चुन-चुनकर उठा ले जाए तो इससे निंदनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद और क्या हो सकता है? भला हो किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया जिसमें बहुत आराम से दो शख्स फूल वाले गमले चुनकर लाखों के वाहन में रखते दिख रहे हैं। चोरी करते हुए भी उन्हें लग ही नहीं रहा था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं।

> क्या इसका मतलब यह निकाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी करने का हक दिया जाए और जो सक्षम है, उसे भी सार्वजनिक वस्तुओं में से अपनी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है

क्या ऐसी चोरी को नजरअंदाज कर दिया जाए? क्या इसका मतलब यह निकाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी करने का हक दिया जाए और जो सक्षम है, उसे भी सार्वजनिक वस्तुओं में से अपनी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है। क्या छोटे-छोटे बड़े चोरों की ऐसी जमात देश में मजबूत हो गई, जो सरकारी सामान या धन को निजी मानकर चलती है? कुछ सरकारी सामान की चोरी करते है तो कुछ सरकार के नियमों को धत्ता बताते हुए नियमों की चोरी करते हैं। ऐसे चोरों के नाम पर मत जाइए, उनकी बुनियादी मानसिकता को समझने की कोशिश कीजिए। अमीर गमला चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है और कानून अपना काम करेगा, पर यह मनोवैज्ञानिक रूप से भी अध्ययन का विषय है कि ऐसे लोग आखिर कैसे और क्या सोचते हैं? रोटी के लिए बहुत मजबूरी में चोरी करते गरीबों के प्रति कुछ सहानुभूति हो सकती है हालांकि कानून में ऐसी किसी सहानुभूति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। अगर हमारा संविधान गरीबों को भी कोई सामान उठा ले जाने की इजाजत नहीं देता है, तो भी अमीर सार्वजनिक सामान उठा ले जाते हैं, उन्हें तो कतई नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अब देश विकसित और समृद्ध हो रहा है तो सार्वजनिक सामान की चोरी अक्षम्य अपराध माना जाना चाहिए।

अभी पिछले दिनों आगरा में भी जी-20 के आयोजन के लिए लगाए गए गमले भी चोरी हुए थे तो पुलिस का पहरा बिठाना पड़ा था। पूर्व में दिल्ली में शीला दीक्षित ने मुख्यमंत्री रहते बस स्टैण्ड पर स्टील के चमचमाते बैठने एवं सिर ढंकने की छतो को निर्मित किया था। लेकिन गरीब के साथ-साथ समृद्ध लोगों ने उन स्टैण्ड को भी उखाड़े डाले एवं स्टील बेच खायी। वास्तव में सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की विकृति एवं चोरी की मानसिकता सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों तक पसरी है। बच्चों के दोपहर के भोजन की शिक्षकों के द्वारा चोरी की अनेक घटनाएं है, अब उनका शिक्षामंत्री स्कूल-भवनों एवं शराब के घोटालों में लिप्त पाया जाये तो कौनसा बड़ा आश्चर्य है। ऐसे शिक्षक एवं शिक्षामंत्री भला बच्चों को कैसी शिक्षा एवं प्रेरणा दे सकते हैं? गुरुग्राम में गमलों की सुरक्षा के लिए 100 सुरक्षा गार्ड लगा देना ही र्प्याप्त नहीं है। नैतिकता का देश का एकमात्र अणुव्रत आन्दोलन संचालित करने वाले आचार्यश्री तुलसी कहते रहे हैं, ह्वआज के मनुष्य को पद, यश और स्वार्थ की भूख नहीं, व्याधि लग गई है, जो बहुत कुछ बटोर लेने के बाद भी शांत नहीं होती। यह स्थिति एक संयम एवं नैतिकताविहीन समाज की रचना करती है, जहां नीचे से ऊपर तक सभी कुछ अमर्यादित एवं अनैतिक होता है। पद, यश और स्वार्थ की लालसा की व्याधि से पीड़ित है राष्ट्रीय जीवन। अब समय आ गया है कि सोच को सुनियोजित ढंग से बदला जाए।

# अब एडोनावायरस की दस्तक नई चिंता का सबब

ऋतुपर्ण दवे

**कोरोना** की रफ्तार सुस्त पड़ते ही एक नए एडोनावायरस की धमक ने एक बार फिर चिन्ता बढ़ा दी है। इसका अब तक ज्यादा असर केवल प.बंगाल में ही दिखा है। लेकिन पुणे और दूसरी जगहों से ऐसे ही लक्षणों के मरीज मिलना मेडिकल विशेषज्ञों के लिए नई परेशानी का सबब बन सकता है। हालाकि यह सच है कि हर वक्त किसी न किसी वायरस के साथ जीना पड़ता है जो आम है लेकिन जब ये खतरनाक रूप या महामारी में तब्दील होकर घातक हो जाते हैं तो स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाते हैं। हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों में पड़ता है जिसकी एक खास वजह भी सामने आई लेकिन सभी उम्र के लोगों को भी प्रभावित करता है। हाँ, जद में छोटे-छोटे बच्चे इसलिए आसानी से आते हैं क्योंकि वो खुद दूसरे बड़े या छोटे के संपर्क में रहते हैं और मुंह में कुछ भी डाल लेना तथा हाथ न धोना ज्यादा तेज असर करता है। जन्म के समय कम वजन और ह्रदय रोग के पीड़ित भी जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सांस की बीमारी वाले बच्चों पर भी एडोनावायरस का तेज असर देखा गया है। वैसे भी बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसीलिए उनके लिए घातक होता सकता है। एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है। जरा सी सतर्कता और सावधानी से इससे डरे बिना घर पर भी इसके हल्के लक्षणों का कोरोना की तरह इलाज किया जा सकता है। जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस और अच्छे, ताजे व स्वस्थ आहार के साथ इसके इलाज की सलाह दी जाती है। लेकिन सतर्कता ज्यादा जरूरी है। जब तीन दिनों तक बुखार न उतरे और रोगी में सुधार न दिखे बल्कि जल्दी-जल्दी सांस लेने लगे, भूख भी कम हो जाए पेशाब भी रोजाना की तुलना में कम लगे तो जरूर चिन्ता की बात है। इस रोग को फैलने से रोकने के लिए मास्क बेहतर बचाव का साधन है। चिकित्सक भी मास्क के अलावा स्वच्छता संबंधी वो सारे उपाय के लिए कहते हैं जो कि कोविड के दौरान जरूरी थे। जैसे बार-बार हाथ धोना, संक्रमण की स्थिति में दूरी बनाए रखना और प्रभावित होने पर क्वारंटीन होना। अब तक लक्षणों से जो सामने आया है उसमें 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार व खांसी चलते रहना, गले में खराश, नाक बहना, उल्टी, दस्त पेट दर्द, तेज-तेज सांस लेना, गुलाबी आंखें हो जाना, कान के संक्रमण यानी ओटिटिस मीडिया जिसमें कान के परदे के पीछे हवा वाले स्थान जो कान के बीचों बीच होता है में संक्रमण होना, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, सीने में ठंड यानी ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया भी एडोनावायरस का कारण हो सकता है। इसका असर 3 से 5 दिनों तक दिखता है लेकिन पर दो सप्ताह तक भी मरीज बीमार रह सकता है। ऐसे में लगातार खांसी या किसी भी संभावित लक्षण की दशा में तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। एडेनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए कोई सटीक एंटीवायरल दवा भी अब तक नहीं होने से इसको रोकने के लिए आम दवाएं ही दी जाती हैं। लेकिन गंभीरता की स्थिति में चिकित्सक तेज असरकारक दवाएं लक्षण के हिसाब से देते हैं। ऐसे में लक्षणों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की श्रंखला में चौथे क्रम पर शुमार क्लीवलैंड क्लिनिक जिसे कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी और पहले चेहरा प्रत्यारोपण करने का श्रेय भी प्राप्त है के अनुसार एडेनोवायरस एक सामान्य वायरस है जो कई प्रकार के सर्दी या फ्लू जैसे संक्रमण का कारण बनते हैं। यह मध्यम आकार का एक अल्प विकसित वायरस है जो कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है। इसमें एक आइकोसाहेड्रल न्यूक्लियोकैप्सिड यानी वायरल प्रोटीन का कोट है जिससे जीनोम यानी आनुवांशिक संरचना का पता लग सकता है। इससे हम पता लगा सकते हैं कि आखिर उसका कैसा व्यवहार है? जब तक यह जानकारी नहीं होगी तब तक जांच, इलाज, टीका किसी की खोज नहीं हो सकती है। शोधकताओं ने लगभग 50 ऐसे एडेनोवायरस के वैरिएण्ट पहचाने हैं जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकते है। उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि इस वायरस का संक्रमण यूं तो पूरे वर्ष होता है जो सर्दी और बसंत के दौरान ज्यादा होता है।

लेकिन प.बंगाल में ही यह क्यों बढ़ रहा है? जबकि वहां मौसम दूसरे राज्यों के मुकाबले गर्म होता है। इस पर अभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। इस बीच इसी 19 फरवरी को 6 महीने के लड़के व ढ़ाई साल की लड़की के अलावा 23 फरवरी को 13 साली की एक बच्ची की मौत के अलावा 11 अन्य शिशुओं की गैर आधिकारिक मौतों से वहां का स्वास्थ्य अमला हाई एलर्ट पर है। जिस तरह से शिशु रोगियों की संख्या और अस्पताल के शिशुवार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है वह चिन्ताजनक है। हालाकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय हैजा और आंत्र रोग संस्थान में प्रभावित मरीजों के सैंपल भेजे गए हैं जिनकी रिपोर्ट के बाद ही काफी कुछ साफ हो पाएगा। लेकिन प. बंगाल के धरातल पर इस वायरस को लेकर जो स्थितियां बन रही हैं उससे समय रहते ही चेत जाने में बुराई क्या है। कोरोना के दौरान जिस तरह के हालातों का सामना कर देश वापस उठ खड़ा हुआ है ऐसे में यदि कोई चुनौती जो बनती दिख रही है उससे चेतने और निपटने के लिए पहले से ही तैयार रहना ही बड़ा बचाव दिखता है। वैसे भी कोविड-19 ने दुनिया को जो सीख दी है उसके बाद भी अगर लोग खुद भी आँखें मूंदकर लापरवाही बरतते हैं तो सरकार कितना कर पाएगी। सरकार को भी जल्द ही कम से कम छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के लिए खास गाइड लाइन जारी करनी चाहिए। यदि मास्क से ही किसी संभावित बड़ी मुसीबत को चुनौती दी जा सकती है इसमें बुराई ही क्या है। एक बार फिर मास्क ही एडोनावायरस खातिर रामबाण बन जाए तो इससे सस्ता और अच्छा क्या हो सकता है।

# रायपुर अधिवेश से कांग्रेस को क्या मिला!

तारकेश्वर मिश्र

**कांग्रेस** का रायपुर महाधिवेशन से खत्म हो चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन से कांग्रेस को हासिल क्या हुआ। इस अधिवेशन के द्वारा कांग्रेस पार्टी ने जो हुंकार भरी है उससे साफ हो गया है कि हमें लडना है। संघर्ष करना है। रोते रहने से कुछ हासिल नहीं होगा, लिहाजा हमें मंडल से राष्ट्रीय स्तर तक कई लड़ाइयां लडनी हैं। इस लड़ाई में जो राहुल गांधी के साथ नहीं चल सकते या संघर्ष करने को तैयार नहीं हैं, वे एक तरफ हो जाएं। कांग्रेस ने फिलहाल तीन माह की समय-सीमा तय की है, जिसके दौरान लड़ाई की दिशा और दशा स्पष्ट हो जानी चाहिए। इस अवधि के दौरान कांग्रेस की लड़ाई प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा, आरएसएस, नफरत और डर, संविधान और लोकतंत्र के खात्मे, सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग आदि तक ही सीमित रहेगी अथवा व्यापक सामाजिक-आर्थिक, राष्ट्रीय मुद्दों के लिए भी संघर्ष किया जाएगा, यह तीन माह के दौरान स्पष्ट होता रहेगा। लड़ाई का सबसे महत्त्वपूर्ण कुरुक्षेत्र तय किया गया है- अडानी रूपी ईस्ट इंडिया कंपनी। यानी प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के आपसी रिश्तों और उनसे बर्बाद होते देश पर कांग्रेस आक्रामक रुख अख्तियार करेगी। इसके जरिए भाजपा के परंपरागत राष्ट्रवाद वाले मुद्दे में छेद करने के प्रयास भी किए जाएंगे। जिस तरह ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी, उसी तरह देश के आर्थिक संसाधनों को निगल रही अडानी की कंपनियों और उनके जरिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर राजनीतिक प्रहार किए जाएंगे। इसमें नया क्या है? यदि यही सब कुछ करना था, तो रायपुर महाधिवेशन बुलाने और उस पर करोड़ों रुपए फूंकने की जरूरत क्या थी? महाधिवेशन के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्षों-सोनिया और राहुल गांधी-मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषणों में वही शब्द, वही तेवर, वही मुद्दे छाए रहे, जो लंबे समय से बोले जा रहे हैं। संसद के भाषणों में भी वही सब कुछ कहा गया, जो महाधिवेशन के दौरान लगातार दोहराया जाता रहा। फर्क इतना-सा ही रहा कि मौजूदा कालखंड में कांग्रेस के संदर्भ में हुंकार और लड़ाई जैसे शब्द पहली बार इतना गूंजे। भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग अरुणाचल प्रदेश से शुरू होकर गुजरात के पोरबंदर, महात्मा गांधी की जन्मस्थली, में समाप्त होगा, यह खबर तो कुछ दिन पहले टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए सार्वजनिक हो चुकी है। इसमें भी नया क्या था? इसके अलावा महंगाई, बेरोजगारी, सूक्ष्म-लघु उद्योगों के जरिए रोजगार, आर्थिक असमानता खत्म हो, अन्नदाता भूखा न सोए, लोगों के अधिकारों की रक्षा, संस्कृति-संविधान-लोकतंत्र की रक्षा आदि जो लक्ष्य महाधिवेशन के दौरान कांग्रेस ने तय किए हैं, तो पार्टी जरा देश को बताए कि इनमें नया मुद्दा कौन-सा है तथा उसे हासिल कैसे किया जा सकता है। इन मुद्दों की लंबी सूची कांग्रेस मुख्यालय 24, अकबर रोड से जारी की जा सकती थी। जिला, मंडल अध्यक्षों के लिए समय-सीमा तय की जा सकती थी। महाधिवेशन की जरूरत क्या थी? कांग्रेस ने इतना जरूर किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर मुहर लगाई गई। शीर्षस्थ कांग्रेस कार्यसमिति में 23 के स्थान पर अब 35 सदस्य मनोनीत किए जाएंगे। अध्यक्ष उन्हें मनोनीत करेंगे। एआईसीसी सदस्यों की संख्या बढ़ा कर 1653 की गई है और पार्टी में 50 फीसदी पद उनके लिए आरक्षित होंगे, जिनकी उम्र 50 साल से कम होगी। अब यह देखना गौरतलब होगा कि ये नौजवान कांग्रेसी कौन होते हैं और वे पार्टी के लिए कितना कारगर साबित होते हैं? यह भी स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए किसी भी स्तर पर झुकने को तैयार है। अब कांग्रेस के फैसलों से 2024 की राजनीति के मानक तय किए जा सकते हैं। महाअधिवेश के इतर देखे तो कांग्रेस आलाकमान की चिंताएं बढ़ाने के कई कारण हैं। लेकिन लगता है आलाकमान ने उनसे मुंह फेर रखा है। चार साल पहले की बत करे तो 2019 में नरेंद्र मोदी के दोबारा सत्ता में आने के बाद राहुल ने अध्यक्ष पद त्याग तो दिया किंतु गांधी परिवार ने कमान अपने पास ही रखी और श्रीमती गांधी कार्यकारी अध्यक्ष बन गईं। हालांकि राहुल लगातार दोहराते रहे कि परिवार का कोई सदस्य उक्त पद पर नहीं बैठेगा। लेकिन संगठन पर पूरा नियंत्रण उसी का बना रहा।

उस दौरान कांग्रेस को अनेक राज्यों के चुनावों में मुंह की खानी पड़ी। पंजाब उसके

# महंगाई डायन खाए जात है

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**कीमतें** बढ़ती हैं तो सबके लिए बढ़ती हैं। ऐसा नही है कि सूरज के लिए दिन में तो चाँद के लिए रात में महंगाई घटती-बढ़ती है। ऐसा दुनिया के किसी ओर कोने में होता होगा तो होता होगा। यह हिंदुस्तान है मेरी जान! यहाँ गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहिब आदि की बातें समझ में आएँ या न आएँ मंहगाई की बात सबको समझ में आती है। वैसे इंसानी शरीर दिमाग की बातें समझने में बड़ा नाक-भौं सिकुड़ता है, लेकिन पेट की बात चुटकी बजाते समझ जाता है। विराट कोहली शतक बनाए न बनाए फिर चाहे शून्य पर ही क्यों न आऊट हो जाए, अब कोई फर्क नहीं पड़ता। देश को महंगाई के नाम पर ऐसा बल्लेबाज मिला है, जो शहर, गाँव, मोहल्ला, बस्ती, गली हर जगह शतक बनाने से नहीं चूकता। वह दिन दूर नहीं जब सचिन तेंदुलकर के रनों का अंबार महंगाई अपने अकेले के दम पर तोड़कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। तब हमारे पास प्रसंशा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ ताली-थाली पीटने के सिवाय कोई दूसरा काम नहीं बचेगा। आजकल के छोकरे कोलकाता का ऐतिहासिक टेस्ट मैच नहीं जानते होंगे। फॉलोऑन खेलते हुए वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ ने ऐसी पारी खेली थी कि आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सारा का सारा घमंड चकनाचूर हो गया था। किंतु आजकल के छोकरों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

## फटाफट खबरें

## सूचना विभाग की विकास प्रदर्शनी का सांसद ने किया शुभारम्भ, एलईडी वैन दिखा रही विकास



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों एवं नीतियों के विकास प्रदर्शनी व एलईडी वैन से किये जा रहे प्रचार-प्रसार एवं केंद्र व राज्य सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने किया। शुक्रवार को महिला कोतवाली पुरानी बाजार कर्वी में त्रिदिवसीय प्रदर्शनी सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का फीता काटकर सांसद ने शुभारम्भ करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की अगुवाई में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को रूबरू कराने को ये विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। सांसद ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों को देखने का लोगों से अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय राशन कार्ड आदि विकास परक कार्यों के बारे में छात्रों को बताया।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल व जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## मोटे अनाज पैदा कर बीमारियों से रहें दूर: राज कुमार, आकांक्षी जिले में तिलहनी फसलों की हुई कार्यशाला



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नीति आयोग ने आकांक्षी जिले कार्यक्रम के तहत उप-कृषि निदेशक राज कुमार की अध्यक्षता में आईटीसी मिशन सुनहरा कल पानी संस्थान के सहयोग से पहाडी ब्लाक के इटौरा गांव में तिलहनी फसलों की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में जिले के कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों व पहाड़ी ब्लॉक के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

शुक्रवार को पूर्व उप कृषि निदेशक रमेशचंद्र कुशवाहा ने दलहनी फसलों पर चर्चा करते हुए उसमें लगने वाले कीड़ो एवं रोकथाम के बारे मे बताया। एनएफएसएम इंचार्ज अजय पाल ने भी तिलहनी फसलों के उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताये। उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि 2023 को मिलेट्स ईयर के रूप मे मनाया जा रहा है। मिनी किट किसानों को बांटे जायेंगे, जिसमें मोटे अनाज ज्वार, बाजरा के उत्पादन को और बढ़ाया जा सके।

जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने भी मोटे अनाज के साथ प्राकृतिक खेती करने को कहा। जिससे खुद को कई प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सके। इस मौके पर पहाड़ी ब्लॉक के सहायह विकास अधिकारी कृषि धीरेंद्र यादव एवं कर्मचारी और पानी संस्थान के धर्मेंद्र सिंह, विवेक यादव, निर्भय एवं डॉ विपुल सिंह एवं 130 किसान मौजूद रहे।

## बडे पैमाने पर खाद्य पदार्थों के दुकानों पर हो रही छापेमारी: प्रजापति, आज लिए 11 नमूने



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व पर आम जनता को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक मार्च से छह मार्च तक जिले में विशेष अभियान के तहत टीमें जांच कर रही हैं।

शुक्रवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह तथा सुमित पाण्डेय की टीमें जिले में खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर जगह-जगह छापामार रही है। नमूनें संग्रहित किये जा रहे हैं। शुक्रवार को अभियान दल ने छह नमूनें लालजीत यादव ने एक नमूना मिश्रित दूध, दीपेन्द्र कुमार सिंह ने एक नमूना मिश्रित दूध, झनकार सिंह ने दो नमूनें (एक खोया व एक रिफाइण्ड पॉम ऑयल) तथा सुमित पाण्डेय ने दो नमूनें (एक मिश्रित दूध व एक पापड) के संग्रहित किये। अभियान दल ने शुक्रवार को 11 नमूनें लिए। नमूनों को जांच को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। परिणाम मिलते ही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल ने जिले में लगातार निरीक्षण एवं अन्य कानूनी कार्यवाही की जा रही है। खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी गई है कि खाद्य पदार्थों में किसी तरह की मिलावट न करें। अन्यथा विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# विधायक के उठाये लोक महत्व के मुद्दों पर जल्द जवाब देगी सरकार

## विधायक ने अवैध ब्लास्टिंग व शहर में जाम लगने के उठाये मुद्दे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने बजट सत्र में विधानसभा पटल पर नियम 301 के तहत जनहित एवं लोक महत्व के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष लोक महत्व के मुद्दे उठाये। सदर विधायक ने कहा कि जिले में पार्टी विशेष के जनप्रतिनिधियों एवं सत्ता संरक्षित खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की नाक के नीचे नियम एवं कानूनों का लगातार उल्लंघन जारी है।

शुक्रवार को विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा में उठाये मुद्दे में कहा कि भरतकूप में खनन माफियाओं ने एनजीटी नियमों का उल्लंघन कर अवैध ब्लास्टिंग कर रहे हैं। चार इंच चैड़ा और 80 फीट गहराई के बोरवेल कर डायनामाइट का प्रयोग कर रहे हैं। इससे भयंकर विस्फोट एवं पर्यावरण की क्षति होती है। आसपास के इलाकों में विस्फोट से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोग टीबी, अस्थमा जैसी घातक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी अति घातक है। पहाड़ों के आसपास रहने वाले श्रमिक एवं पिछड़े वंचित समाज के बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उनकी श्रवण शक्ति भी



कमजोर होती जा रही है। इससे ग्रामीणों में अति आक्रोश है। कई बार शासन-प्रशासन को पत्राचार के बाद भी अवैध ब्लास्टिंग रोकने के कोई उपाय नहीं किये गये।

सदर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष जिले में हो रही भारी दुर्घटनाओं की बाबत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

उन्होंने नोइंट्री के समय रात आठ बजे की जगह रात दस बजे करने एवं जिले के सभी तिराहे-चैराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। विधानसभा कार्रवाई दौरान सदर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष नियम 51 के तहत सदन पटल जोरदार दलील देते हुए कहा कि कर्वी शहर में नोइंट्री रात आठ बजे खुलने के बाद अत्यधिक जाम लगता है। शेखनपुरवा और लोढवारा मोड़ के पास ट्रक खड़े रहते हैं। जैसे ही नोइंट्री खुलती है पूरे शहर में जाम लग जाता है। शिवरामपुर चैकी के पास मुख्य मार्ग पर पुलिया छोटी होने से आए दिन लोग हादसों के शिकार होते हैं। जाम लगने से कई बार संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचने वाली एम्बुलेंस का मार्ग बाधित हो जाता है। जाम से शहर की स्थिति भयावह हो जाती है। शहर स्थित मैरिज हाल में गाड़ी पार्किंग को व्यवस्था नहीं है। नोइंट्री के समय रात आठ बजे की बजाय रात दस बजे किया जाए। शिवरामपुर चैकी के पास पुलिया का चैड़ीकरण एवं मैरिज हाउस में पार्किंग की व्यवस्था कराई जाये। जिले के प्रत्येक तिराहे-चैराहे एवं मुख्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाए। जिससे सभी प्रकार के हादसों को रोका जा सके। विधानसभा अध्यक्ष ने दोनों अति लोक महत्व एवं जनहित के प्रश्नों को मंजूर कर सरकार से जल्द जवाब देने को कहा है।

## सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्यालय से सटे चकमाली अमानपुर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अंबिका प्रसाद पाण्डेय सुभाष इंटर कॉलेज इंटवा के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन वृंदावन से आए कथा व्यास पं मुकेश कृष्ण महाराज ने श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया।

शुक्रवार को आखिरी दिन सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पं मुकेश कृष्ण महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाती है, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा गरीबी का दंश इतना झेलते है कि कई दिनो उनका परिवार भूंखे ही सो जाते है।



तभी उनकी पत्नी ने कहा था कि एक माह दो एकादशी होय। मेरे घर गोपाल प्रभु नित्य एकादशी होय, व्यास जी ने बताया कि सुदामा जी अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र सखा कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूंछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब सुदामा ने द्वारपालो से कहा कि वह कृष्ण के बाल सखा सुदामा है। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु कृष्ण से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने सुदामा को अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। सुदामा को अपने महल ले गए। उनका अभिनंदन किया।

इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गये। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। इसके बाद पांडेय परिवार ने प्रसाद बांटा। इस मौके पर पांडेय परिवार के सदस्यों के साथ-साथ तमाम श्रोतागण और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी : डॉ कृतिका अग्रवाल

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने भी तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को महिला मोर्चा के महानगर एवं जिले की संयुक्त एक दिवसीय कार्यशाला में चुनाव को लेकर विमर्श हुआ। कार्यशाला में 150 कार्यकताओं को बूथ की मजबूती के लिए प्रशिक्षण दिया गया। रोहनिया स्थित पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ कृतिका अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी है। आगामी लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के लिए एक - एक बूथ को सक्रिय व मजबूत बनाना होगा।

## कोठी तालाब में मन्दिर तक जाने को बनायें फुट ओवरब्रिज: डीएम

### डीएम के जिले को पर्यटन विकास का पूरा हो रहा संकल्प

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पर्यटन विकास के मद्देनजर तहसील कर्वी के कोठी तालाब, भरतकूप मंदिर एवं बरहा हनुमान मंदिर, खोही परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण कर कोठी तालाब को देखकर आर्किटेक्टों एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तालाब मंदिर का सुंदरीकरण कराने का प्रस्ताव बनायें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कोठी तालाब के बीच में मंदिर के आने-जाने को फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने के साथ गेट निर्माण, बाउंड्रीवाल का भी निर्माण, साफ-सफाई, लाइटिंग, चारों ओर सीढ़ियों पर बैठने की बेंच, सेल्फी प्वाइंट्स आदि के प्रस्ताव बनाये जाए। पार्क देखने के बाद अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर ने बताया कि टिकट विंडो, गार्ड रूम, गेट का




निर्माण कार्य शेष हैं। शौचालय, बैठने की व्यवस्था, खेलकूद सामग्री आदि की व्यवस्था करा दी गई है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि बसस्टॉप से पार्क वाले रोड के अगल-बगल जो अतिक्रमण है, उसे तत्काल हटायें। पार्क में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाए। कैंटीन की व्यवस्था कराई जाए। जो दुकाने कोठी तालाब के सामने की पीछे से टूटी है, उसमें बाउंड्रीवॉल बनाकर पीछे किया जाए। जो दुकाने आगे सड़क पर अतिक्रमण करे हैं उन दुकानदारों को बुलाकर हटायें।

भरतपुर मंदिर का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी से कहा कि रास्ते की दुकानें महंत से लिखवाकर नोटिस देकर हटायें। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि यहां पर शौचालय, यात्री शेड, चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया है। उन्होंने आर्किटेक्टों से कहा कि यहां पर भरत मिलाप का न्यूरल इनफॉरमेशन डेकोटिंग लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। बरहा हनुमान मंदिर के मुख्य गेट को बड़ा बनाने का प्रस्ताव, लाइट, म्यूरल, कूप का सुंदरीकरण, टीन सेड की रंगाई-पुताई, भरत मिलाप मंदिर के पास शौचालय निर्माण, कोबल स्टोन, पार्क, सेप्टिक टैंक, बीविंग डेक के लिए उप जिलाधिकारी जगह चिन्हित कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में एसडीएम सदर राजबहादुर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, आर्किटेक्ट सुमित गुप्ता, राहुल जादान, गुरुदेव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### टीएसआई ने 18 वाहनों का किया चालान



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने कर्वी शहर के ट्राफिक चैराहा पर दो व चारपहिया वाहन एवं ई-रिक्शा, टैम्पो वाहनों की सघन जांच की।

शुक्रवार को टीएसआई योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि सवारी उतारते-चढाते समय सावधानी बरतें। सडक किनारे खडाकर सवारी बैठायें। उन्होंने ई-रिक्शा व टैम्पो चालकों को हिदायत दी कि ओवरलोड सवारी न बैठायें। वाहनों में लाउडस्पीकर न लगायें। तेजगति से वाहन न चलायें। चिन्हित स्थानों पर ही वाहन खडा करें। यातायात नियमों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित स्थान पर वाहन खडा करना, ओवरलोड एवं ई-रिक्शा-टैम्पो में लाउडस्पीकर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सात वाहनों को सीज किया। इस दौरान 18 ई-रिक्शा व आटो का चालान किया। टीम में यातायात दरोगा शैलेन्द्र सिंह, यातायात दरोगा तैय्यब खां, सिपाही मदन कुमार, जागेश्वर राजपूत, आशाराम वर्मा मौजूद रहे।

### फरार चल रहे तीन अपराधियों पर पुरस्कार घोषित

**गोरखपुर।** थाना कैण्ट में पंजीकृत विभिन्न अभियोगो में फरार चल रहे तीन अपराधियों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। यह इनाम गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया है। एसएसपी ने शुक्रवार को इस बावत आदेश जारी किया।

गोरखपुर के थाना कैण्ट में पंजीकृत अभियोगो में 03 अपराधी फरार चल रहे हैं। एसएसपी ने एक और बड़ी कर्रवाई कर दी है। इन पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। इनमें पहला अपराधी घनश्याम पाठक पुत्र भैरो पाठक, निवासी दरिया बसई नन्दाव, थाना जनपद, जनपद आजमगढ़ का है। वर्तमान में इस पर मुकदमा अपराध संख्या 227/22 में भारतीय दंड विधान की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 407 में कैण्ट मुकदमा दर्ज है। लेकिन यह फरार चल रहा है। अब इसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया है। दूसरा अपराधी अर्पित कुमार सिंह पुत्र धीरज विक्रम सिंह, निवासी 348/2 आवास विकास कालोनी महादेवा झारखण्डी, थाना कैण्ट का रहने वाला है। वर्तमान में यह मुकदमा अपराध संख्या 817/22 में भारतीय दंड विधान की धारा 420, 467, 468 में वांछित है, लेकिन यह भी फरार है। अब एसएसपी ने इसकी गिरफ्तारी के लिए भी 10 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित कर दिया है।

## दूसरा बागेश्वरधाम के हैं आदर्श कृष्ण शास्त्री

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के बिहारा गांव में आदर्श कृष्ण शास्त्री ने दिव्य दरबार पेरातीर हनुमान मंदिर परिसर में लगाया। इस दरबार में 35 लोगों के पर्चे बनाकर मंच पर बैठे शास्त्री ने बुलाकर उनके पर्चे पहले से ही लिखकर अपने टेबल पर रख दिए। बुलाने वाले व्यक्ति से समस्या पूंछी फिर उसे पर्चा दिखाने लगे कि देखो यह पहले से बालाजी की कृपा से हम पर्चा लिख दिये हैं।

शुक्रवार को भरतकूप निवासी अनु का पहला पर्चा था। उसने अपने लड़के की समस्या लेकर बता रही थी। आदर्श कृष्ण शास्त्री ने उसका पर्चा सब को



दिखाया कि यह पर्चे में पहले से लिखा है। लोग इसे देख हैरान रह गए। इसी प्रकार मिथिलेश कुमार, रन्नो मिश्रा, गया प्रसाद द्विवेदी कई लोगों के पर्चे खोले गए, लेकिन उनकी समस्या पूंछने के बाद बगल में रखा पर्चा दिखाया तो वही निकल रहा था। लोग इसे देख आश्चर्यचकित रह गए और कहा यह दिव्य शक्तियों का चमत्कार है। बता दें कि आदर्श कृष्ण शास्त्री के गुरु जगदगुरू रामभद्राचार्य जी हैं।

इनका जन्म सतना जिले के सहीजना गांव में हुआ है। यह बचपन से राजस्थान स्थित नागौर में रहते थे। 2020 से सतना जिले में स्थित तिहाई दंडी स्वामी रामधाम आश्रम में मंगलवार और शनिवार को दरबार लगाते हैं। आदर्श कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य सनातनियों को बचाना है। उन्होंने कहा कि वे हर दरबार पर प्रतिज्ञा करते हैं कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हिंदू राष्ट्र घोषित कराकर ही मानेंगे। बिहारा में लगे दरबार में सैकड़ों की तादाद में भीड़ इकट्ठा हुई। दरबार बंद होने के बाद सब लोग आशीर्वाद लेकर अपने-अपने घर चले गए।

## खलिहान की भूमि की एसडीएम करायें पैमाइश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कोलगदहिया गांव के नवाब खां, अल्ला रक्खू, इमदाद अली, हसमल अली, नौशाद, इरफान अली ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में कहा है कि सार्वजनिक खलिहान की भूमि में अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाये। खलिहान की भूमि की पैमाइश कराई जाये। शुक्रवार को जिला मुख्यालय से सटे कोतवाली कर्वी के कोलगदहिया गांव के नवाब खां, अल्ला रक्खू, इमदाद अली, हसमल अली, नौशाद, इरफान अली ने एसडीएम सदर को लिखे पत्र में कहा कि उनके गांव में गाटा संख्या 901 रकबा 0.239 हेक्टेयर सार्वजनिक खलिहान की भूमि सुरक्षित है। पूर्व प्रधान ने इसी नम्बर पर जूनियर हाईस्कूल बनवा दिया था।

शेष दोनों ओर खलिहान की बची भूमि पडी थी। पूर्व प्रधान रामखेलावन ने उडकी नाई को ये जमीन बेंच दिया था। जिसे पूर्व जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने उडकी नाई को मकान बनाने से रोका था, लेकिन पूर्व प्रधान व मौजूदा लेखपाल की मिलीभगत से उडकी नाई का मकान अवैध ढंग से खलिहान की भूमि पर बन गया था।

ग्रामीणों ने कहा कि शेष बचे खलिहान की भूमि को जोतवा दिया गया था। उसी खलिहान की भूमि पर मकान बनवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम सदर से सार्वजनिक भूमि के रकबे की पैमाइश कराकर मकान निर्माण रोकवाने की मांग की है।

## अमेरिका के महान संगीतकार वेन शॉर्टर का निधन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के महानतम संगीतकार और जैज सैक्सोफोनिस्ट वेन शॉर्टर का 89 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनके करीब एलिस किंग्लसे ने मीडिया को यह जानकारी दी। न्यू जर्सी के नेवार्क में 25 अगस्त, 1933 को जन्मे शेन ने किशोरावस्था में सैक्सोफोन बजाना शुरू कर दिया था। इससे पहले वेन शॉर्टर अपने भाई के साथ मिलकर बी-बॉप बजाया करते थे। बी-बॉप भी एक तरह का जैज म्यूजिक है।



वेन शॉर्टर ने 1956 में न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से संगीत की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने सेना में दो साल का समय व्यतीत किया। यहां उन्हें जैज पियानोवादक होरेस सिल्वर के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1964 में वेन शॉर्टर ने ट्रम्पेयर डेविस के ग्रुप में शामिल होने के लिए आर्ट ब्लेकी के जैज मेसेंजर्स ग्रुप को अलविदा कहा था। डेविस के साथ उन्होंने चार साल तक काम किया। इस दौरान उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली। डेविस ने अपनी आत्मकथा में वेन को रियल कंपोजर बताया है।

## रूस ने जापान सागर से कैलिबर मिसाइल का परीक्षण किया

**मास्को।** रूस की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की ने जापान सागर से 1000 किलोमीटर की दूरी पर कलिबर क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। प्रशांत बेड़े ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। प्रशांत बेड़े के प्रेस कार्यालय ने कहा कि इस पनडुब्बी के चालक दल ने जापान सागर में युद्ध अभ्यास योजना के हिस्से के रूप में पानी के नीचे से एक कैलिबर क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। मिसाइल से एक तटीय लक्ष्य को निशाना बनाया गया। कैलिबर मिसाइल ने खाबरोवस्क क्षेत्र में करीब एक हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्थित सुरकुम के सामरिक क्षेत्र पर तटीय लक्ष्य निश्चित समय पर भेदा। इस दौरान मिसाइल फायरिंग क्षेत्र में प्रशांत बेड़े के जहाजों के साथ-साथ नौसेना के विमानों की आवाजाही को रोक दिया गया।



## आईएईए प्रमुख उच्चस्तरीय वार्ता के लिए ईरान जाएंगे

**विएना (आस्ट्रिया)।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ईरान सरकार के निमंत्रण पर उच्चस्तरीय वार्ता के लिए तेहरान जाएंगे। यह सूचना आईएईए ने ट्वीट कर दी। ट्वीट में कहा गया है कि ग्रॉसी शनिवार को ईरान से लौटने पर विएना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।


## भारतीय मूल की सोन्या कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेजों की चांसलर नियुक्त

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय-अमेरिकी डॉ. सोन्या क्रिश्चियन को कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेज सिस्टम का 11वां स्थायी चांसलर नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेज सिस्टम को अमेरिका में सार्वजनिक उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी और विविध प्रणाली माना जाता है। भारत में जन्मीं सोन्या केरल विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। पद संभालने के बाद वो क्रिश्चियन कॉलेज प्रणाली का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और दक्षिण एशियाई मूल की पहली व्यक्ति होंगी। कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेज सिस्टम के संस्थानों में हर साल 1.8 मिलियन विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा है कि डॉ सोन्या क्रिश्चियन देश के सबसे गतिशील कॉलेज की प्रमुख शिक्षाविद हैं। उन्होंने सेंट्रल वैली में शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे सामुदायिक कॉलेज समानता और अवसर के इंजन हैं। डॉ. सोन्या क्रिश्चियन जुलाई 2021 से केर्न कम्युनिटी कॉलेज डिस्ट्रिक्ट की चांसलर रहीं हैं।

# हॉन्गकॉन्ग की 42 मंजिला इमारत में आग

### 9 घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई गई, 170 लोगों को बचाया गया

**सिम शा सुई।** हॉन्गकॉन्ग के सिम शा सुई जिले में एक 42 मंजिला इमारत में आग लग गई। ये इतनी भयानक थी कि इसे बुझाने में 9 घंटे लग गए। जिस बिल्डिंग में आग लगी वो शॉपिंग एरिया में स्थित है और उसमें कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। हादसे की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की मौके पर पहुंच गई। गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई।



दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा- गुरुवार रात करीब 11 बजे एक बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली। हमने एक टीम फौरन भेजी। 250 फायर फाइटर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पा लिया। घटना देर रात हुई इसलिए आस-पास के इलाके में ज्यादा लोग नहीं थे। हमने 170 लोगों को इवैक्युएट किया।

**बिल्डिंग में रेनोवेशन का काम चल रहा था**

एक अधिकारी ने बताया कि जिस इमारत में आग लगी, वहां एक बड़ा क्लब और लग्जरी होटल था। इस पूरी इमारत को रेनोवेट किया जा रहा था, इसलिए कुछ मंजिलों पर कंस्ट्रक्शन चल रहा था। इसके लिए 2019 में री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अप्रूव किया गया था। ये काम जून 2023 तक पूरा होने वाला था।

आग लगने की वजह के बारे में पता नहीं चल सका है। इस बारे में जांच की जा रही है।

## ईरान में छात्राओं पर केमिकल अटैक:पढ़ाई से रोकने के लिए सैकड़ों को दिया जहर

### मांओं ने विरोध किया तो बाल पकड़कर खींचा, गिरफ्तार किया

**तेहरान।** सोशल मीडिया पर ईरान के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें पुलिस महिलाओं के बाल खींचकर उन्हें गिरफ्तार करती हुई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि ये उन बच्चियों की मांएं हैं, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं।

दिसंबर 2022 से स्कूली छात्राओं के बीमार होने की खबरें सामने आ रहीं थी। कहा जा रहा है कि छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए उन्हें जहर दिया जा रहा है। ऐसा करने के लिए स्कूल के पानी में केमिकल्स मिलाए जा रहे हैं। दूषित पानी पीने से सैंकड़ों छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

**दोषियों की जगह पेरेंट्स पर कार्रवाई हो रही**

प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स की मांग है कि सरकार इस मामले में कार्रवाई करे। दिसंबर 2022 में छात्राओं के बीमार होने के मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। लेकिन 3 महीने बाद भी इस मामले में किसी को पकड़ा नहीं गया। न ही कोई कार्रवाई हुई। इससे नाराज पेरेंट्स विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं। वहीं, पुलिस फोर्स इन्हें ही गिरफ्तार कर रही है।



**हेल्थ मिनिस्टर ने की थी जहर दिए जाने की पुष्टि**

डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर यूनुस पनाही ने 27 फरवरी को कहा था- घोम, बोरुजर्द जैसे शहर में नवंबर 2022 के बाद से रेस्पिरेटरी पॉइजनिंग के सैंकड़ों मामले सामने आए हैं। उनका कहना था कि स्कूलों के पानी में कैमिकल मिलाया जा रहा है। इससे छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इनमें उल्टी, जबरदस्त बॉडी पेन और दिमागी दिक्कत भी शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्राओं को जहर दिए जाने के मामले 16 सितंबर को हुई महसा अमिनी की मौत को लेकर शुरू हुए प्रदर्शन के बाद सामने आए हैं। दरअसल, 16 सितंबर को पुलिस कस्टडी में 22 साल की महसा की मौत हो गई थी। उसने हिजाब नहीं पहना था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। ईरान में लड़कियों पर पाबंदियां हैं और हिजाब पहनने को लेकर सख्त कानून हैं।

## अमेरिका ने भारत के जी-20 नेतृत्व की सराहना की, कहा- आशाजनक शुरुआत करने के लिए तैयार, हमारे संबंध परिणामी

**वाशिंगटन।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक समाप्त होने के बाद अमेरिका ने भारत के जी-20 नेतृत्व की सराहना की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि जिस तरह से उन्होंने जी20 का नेतृत्व किया है, उसके लिए हम भारत के बहुत आभारी हैं। हमारी साझेदारी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच चर्चा का विषय थी। भारत के साथ हमारे संबंध परिणामी हैं। इस वर्ष के दौरान बहुत अधिक काम किया जाना है। लेकिन, भारत जी20 के अपने नेतृत्व के साथ बहुत ही आशाजनक शुरुआत करने जा रहा है।

प्राइस ने आगे कहा कि भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी सबसे परिणामी संबंधों में से एक है और वे भारत के साथ मिलकर हर उस चीज पर काम कर सकते हैं जो दोनों देशों के लिए प्राथमिकता है, जिसमें आपसी समृद्धि, लोकतंत्र का समर्थन करना, जलवायु संकट को दूर करना और नियम-आधारित आदेश को बनाए रखना शामिल है। लेकिन भारत-प्रशांत के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण और संरक्षण में मदद कर रहा है, यह एक ऐसा दृष्टिकोण जिसे हम अपने भारतीय समकक्षों के साथ साझा करते हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच हुई बैठक के बारे में बोलते हुए नेड प्राइस ने कहा कि विदेश मंत्री और उनके भारतीय समकक्ष को भारत द्वारा जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी में अब तक किए गए जबरदस्त काम के बारे में बात करने का अवसर मिला। साथ ही वित्त मंत्रियों की मेजबानी करना और वास्तव में एक एजेंडा बनाना जो हमें उन प्रमुख मुद्दों से निपटने की अनुमति देता है जो भारत के साथ हमारे वैश्विक रणनीतिक साझेदार के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्राइस ने कहा कि जी20 अमेरिका और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है।

## 'भारत में दो साल से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति नहीं होना शर्मनाक', अमेरिकी सांसद ने सरकार पर उठाए सवाल

**तेहरान।** अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर (सांसद) ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भारत में दो साल से अमेरिकी राजदूत की अनुपस्थिति शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अगर एरिक गारसेट्टी के नाम को सीनेट से मंजूरी नहीं मिलती है तो हमें किसी अन्य समान रूप से योग्य व्यक्ति को भारत में राजदूत नियुक्त कर देना चाहिए। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर एरिक गारसेट्टी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। हालांकि अभी गारसेट्टी के नाम को सीनेट से मंजूरी मिलनी बाकी है।

अमेरिका के सांसद मार्क वार्नर ने कहा है कि 'यह शर्मनाक है, हम कहते हैं कि यह दुनिया में सबसे अहम और मूल्यवान संबंधों (भारत-अमेरिका संबंध) में से है और इसके बावजूद हम एक राजदूत की नियुक्ति नहीं कर सके हैं।' बता दें कि हाल ही में अमेरिका के सीनेटर्स का एक दल भारत दौरे पर आया था। मार्क वार्नर भी उस दल में शामिल थे। वार्नर ने कहा कि उनके भारत दौरे पर भारतीयों ने भी अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। वार्नर ने कहा कि 'भारतीय दोस्तों ने कहा कि आप भारत अमेरिका के मजबूत संबंधों की बात करते हैं लेकिन आपके राजदूत यहां लंबे समय से नहीं हैं। अब स्थानीय राजनीति में भी यह मुद्दा उठाया जा रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि अब जल्द ही एरिक गारसेट्टी की नियुक्ति हो जाएगी।' वार्नर ने कहा कि अगर गारसेट्टी की नियुक्ति होती है तो यह बढ़िया होगा लेकिन अगर नहीं हो पाती है तो हमें उनके समान ही योग्य व्यक्ति को तुरंत नियुक्त कर देना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो यह बेहद शर्मनाक होगा। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एरिक गारसेट्टी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्ति किया है लेकिन रिपबल्किन पार्टी और कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है। दरअसल गारसेट्टी पर आरोप है कि लॉस एंजेलेस का मेयर रहने के दौरान उन्होंने कुछ स्टाफ सदस्यों के साथ छेड़छाड़ की थी। अब आठ मार्च को सीनेट में एरिक गारसेट्टी के नाम पर वोटिंग होगी, जिसके बाद ही तय होगा कि गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे या नहीं।



## कनाडा में हिमस्खलन, तीन विदेशी नागरिकों की मौत

**ओटावा।** कनाडा में अल्बर्टा-ब्रिटिश कोलंबिया सीमा पर हुए ताजा हिमस्खलन में तीन विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक एक स्थानीय गाइड समेत कुल दस लोग हिमस्खलन की चपेट में आए। गाइड को छोड़ कर सभी विदेशी नागरिक थे। पुलिस का कहना है कि ये सभी पैनोरमा माउंटेन रिजॉर्ट के पास हेली-स्कीइंग कर रहे थे। हिमस्खलन में फंसे इन लोगों को बचाने के प्रयास भी किए गए। घायलों को अस्पताल में भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जर्मनी के एक नगरपालिका के मेयर ने कहा कि इस घटना में उनके यहां के तीन लोगों की मौत हो गई। कनाडा के हिमस्खलन केंद्र का कहना है कि देश में हिमस्खलन से हर साल औसतन 10 लोग काल कलवित होते हैं। इस सीजन में अब तक ब्रिटिश कोलंबिया में हुए हिमस्खलन में 12 लोगों की मौत हो चुकी है।



## अमेरिकी प्रतिनिधि बोले- व्यापार प्रणाली विस्तार के लिए भारत से जारी रहेगी साझेदारी, पारदर्शी कारोबार अहम

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने कहा है कि वह साझा चुनौतियों से निपटने लचीली आपूर्ति शृंखलाओं का निर्माण करने और बाजार अर्थव्यवस्थाओं व लोकतंत्रों के लिए एक पारदर्शी व नियम-आधारित व्यापार प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए भारत से साझेदारी करना जारी रखेगा। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने कहा कि भारत और अमेरिका एक गतिशील व महत्वपूर्ण व्यापार तथा निवेश संबंध साझा करते हैं। (टीपीएफ) को दोबारा लॉन्च किया। यूएसटीआर ने कहा, दोनों देशों ने पहले भी अर्थव्यवस्थाओं के बीच विकास की संभावनाओं और दोनों देशों में काम करने वाले लोगों पर सकारात्मक प्रभाव लाने के लिए मिलकर काम करने को लेकर चर्चा की गई थी। उसने भारत खंड पर अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा कि अमेरिका के आगे कई चुनौतियां हैं और इनसे निपटने के लिए नियम आधारित प्रणाली को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के साथ साझेदारी को जारी रखना जरूरी है। अमेरिकी राष्ट्रपति के दफ्तर व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत की अपनी तीन दिनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्विपक्षीय रिश्तों की मजबूती पर अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराएंगे।





ब्लिंकन जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों से भी मिलेंगे।व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव वेदांत पटेल ने कहा कि विदेश मंत्री दोनों देशों के बीच आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सहयोग का विस्तार करने के लिए क्वाड जैसे समूहों में साथ मिलकर काम करना जारी रखने पर भी प्रतिबद्धता जाहिर करेंगे।

## ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हुई

**एथेंस (ग्रीस)।** मध्य ग्रीस में तीन दिन पहले एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है। हेलेनिक फायर सर्विस ने यह जानकारी दी। यह हादसा एथेंस से लगभग 380 किलोमीटर उत्तर में टेम्पे के पास हुआ था। इस हादसे में 85 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ग्रीस की हेलेनिक फायर सर्विस के प्रवक्ता वासिलियोस वाथरकोगियानिस ने मीडिया को बताया कि अभी भी बचाव अभियान चल रहा है। कई घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद यात्री ट्रेन में आग लग गई थी।ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने बुधवार शाम टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम दिए गए अपने संबोधन में कहा था कि यह ग्रीस के इतिहास की अब तक की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना है। इस हादसे में हमने बहुत से युवाओं को खो दिया। उल्लेखनीय है कि इस घटना के बाद विभाग के मंत्री गियोर्गोस गेरापेट्राइटिस और कोस्टास करमनलिस के अलावा रेलवे के दो अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है।



## पाकिस्तानी जनता को भड़काने के आरोपित सेवानिवृत्त जनरल की रिहाई के आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जनता को राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ भड़काने के आरोप में गिरफ्तार सेना के सेवानिवृत्त जनरल की तत्काल रिहाई का आदेश एक अदालत ने जारी किया। साथ ही कोर्ट ने उनके खिलाफ लगे आरोप भी खारिज कर दिए। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अमजद शोएब को इस्लामाबाद पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। शोएब को एक अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था।रिमांड अवधि पूरी होने पर शोएब को जिला एवं सत्र अदालत के समक्ष पेश किया गया। उनके वकील मियां अशफाक ने मामले को फर्जी करार देते हुए दलील दी कि आरोपी ने टीवी पर बहस के दौरान किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाया।वकील ने आगे कहा कि टीवी कार्यक्रम देर रात 11 बजे समाप्त हो गया था और अगले दिन कोई भी सैन्य कर्मी या सरकारी अधिकारी शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आया। अपने बयान को स्पष्ट करने के लिए अदालत की ओर से पूछे जाने पर शोएब ने कहा कि वह इतिहास के संदर्भ में बात कर रहे थे, न कि लोगों को विद्रोह के लिए उकसा रहे थे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने शोएब के खिलाफ आरोप खारिज करते हुए उन्हें तत्काल पुलिस हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## सर्राफा बाजार : सपाट स्तर पर सोना, चांदी में मामूली तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत फ्लैट स्तर पर नजर आई। दूसरी ओर, चांदी में मामूली तेजी का रुख नजर आया। गुरुवार की गिरावट के बाद आज सोने का भाव 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से भी नीचे जाने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन सोने के फ्लैट स्तर पर रहने की वजह से चांदी आज भी 56 हजार रुपये के स्तर से ऊपर ही कारोबार करती रही। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सोना का आखिरी बंद भाव 56,087 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज इसकी कीमत में 4 रुपये प्रति 10 ग्राम की सांकेतिक तेजी दर्ज की गई। सोने की अलग-अलग श्रेणी में आज 4 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़त दर्ज की गई।

## अमेरिकी संसद दंगा मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पुलिस चला सकती है मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर अमेरिकी संसद (कैपिटल हिल) पर छह जनवरी, 2021 को हुए दंगा मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न्याय विभाग ने एक अदालत में कहा कि अमेरिकी संसद पर डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा किए गए हमले में घायल हुए पुलिसकर्मी और अन्य लोग पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ मुकदमा दाखिल कर सकते हैं। वाशिंगटन में संघीय अदालत में आधिकारिक कानून राय प्रस्तुत करते हुए विभाग ने बताया कि राष्ट्रपति के पास कार्यालय में अपने आधिकारिक कार्यों के लिए छूट है, लेकिन आधिकारिक कर्तव्यों से इतर उनके कार्यों के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। हालांकि, अदालत के समक्ष डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी दलील भी दी।

**क्या है डोनाल्ड ट्रंप की दलील?**

डोनाल्ड ट्रम्प ने दलील दी कि वह राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे थे जब उन्होंने समर्थकों की भीड़ से कहा कि वह 2020 के चुनाव को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनावी जीत के प्रमाणीकरण के आगे नरक की तरह लड़ेंगे। न्याय विभाग ने कहा कि अदालत को डोनाल्ड ट्रंप की दलील को खारिज करना चाहिए। न्याय विभाग ने कहा कि राष्ट्र के नेता के तौर पर राष्ट्रपति के पास अपने नागरिकों से बात करने की असाधारण शक्ति होती है।



हालांकि, न्याय विभाग ने कहा कि वह इस पर कोई रुख नहीं अपना रहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण ने कैपिटल दंगों को प्रोत्साहित किया या नहीं। 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी संसद पर हमला हुआ था। डोनाल्ड ट्रंप समर्थक भीड़ 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के प्रमाणीकरण का विरोध करने के लिए व्हाइट हाउस में जमा हुई थी और भीड़ ने संसद की बिल्डिंग में तोड़फोड़ की थी। इस दौरान 100 से अधिक लोग जख्मी हुए थे। इसके बाद अमेरिकी संसद के चार पुलिस अधिकारियों की भी मौत हो गई थी।